www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 85 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
16 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 07:01
अधिकतमः 39°00
न्यूनतमः 29°00



पेज 07

विशेष समाचार | शिक्षा में एक नये युग एवं ... >> पेज 04 | साधु का हत्यारोपी इसराइल ... >> पेज 06 | 'कुमकुम भाग्य'...

वहीं, किसान शमे मोहम्मद ने कहा-हम बड़े आनंद से आए हैं। सीएम तो पहले भी बहुत आए, लेकिन ऐसा पहली बार किसी ने किया है। किसानों को फ्लाइट से सफर किसी ने नहीं करवाया।



जमीन देने वाले किसान लखनऊ पहुंचकर योगी से मिले

## जेवर एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट शुरू, डॉ. राशिद बोलीं- आप पीएम बनें

# अब 'कुबेर' भी आना चाहते हैं जेवर

जेवर एयरपोर्ट की पहली फ्लाइट से लखनऊ पहुंचे 172 किसान, सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर की मुलाकात

**स्वागत**

तमसा संकेत, एजेंसी

ग्रेटर नोएडा, लखनऊ। जेवर एयरपोर्ट 15 जून से शुरू हो गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमि समर्पित करने वाले किसान सोमवार को लखनऊ पहुंचे। किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। किसानों ने मुख्यमंत्री से बातचीत की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जेवर अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां 'कुबेर' भी आना चाहते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मैंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि विकास का मॉडल क्या होता है, यह दिखाने का समय है। वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं और कुछ बिखर जाते हैं। जो अवसर का लाभ लेता है, इतिहास उसी का बनता है, जो मौके को गंवा देता है, वह अवसर से बिखर जाता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### किसानों ने सीएम योगी को कहा धन्यवाद

किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया। हवाई चप्पल पहनने वाले किसानों को हवाई जहाज में बैठाकर सरकार ने साबित किया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है।

### कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा विकास पहले नहीं देखा

बुजुर्ग किसान जयवीर ने कहा कि उन्होंने जीवन में कई सरकारें देखी हैं, लेकिन विकास का ऐसा दौर पहले कभी नहीं देखा। किसानों को सम्मान देने की यह पहल हमेशा याद रखी जाएगी। वहीं, जयकरन सिंह ने कहा कि किसान पूरी तरह संतुष्ट हैं और एयरपोर्ट बनने से आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

### किसान बोले- सालों पुराना सपना आज पूरा हो गया

किसान इकबाल कल्लू ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन गई थी और आज उसी एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व की बात है। सरकार ने किसानों को सिर्फ मुआवजा ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें विकास यात्रा का सहभागी भी बनाया है। महिला किसानों में भी एयरपोर्ट को लेकर उत्साह दिखा। किसान मीनू ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद पहली बार उन्होंने अपनी जमीन को आसमान से देखा।

>> (शेष पेज 06 पर)



### एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया, तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली, तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है, तो किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा।




**इससे पहले लखनऊ एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर से विमान से पहुंचीं किसान कमलेश ने कहा- बहुत अच्छा लग रहा है। किसान रीता ने कहा- मैंने चार बीघा जमीन दी थी। पहली बार फ्लाइट में बैठी थी। बहुत मजा आया। 7 घंटे का सफर 1 घंटे में पूरा हुआ। हम लोग राम मंदिर के दर्शन भी करेंगे।**

# आरटीआई एक्टिविज्म अब बिजनेस बन गया है : एससी

## सरकार अपने काम का ध्यान खुद रख लेगी

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



- अरविंद केजरीवाल भी आरटीआई एक्टिविस्ट रहे हैं
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पीआईएल अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि RTI एक्टिविज्म नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट की यह टिप्पणी RTI कार्यकर्ता राकेश बेहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में आई। कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

दरअसल, राकेश और राजीव कुमार पर पंजाब के गुरदासपुर में सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे लोगों और मौके पर मौजूद मजदूरों को डराने-धमकाने के आरोप हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, 'इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं।'


>> (शेष पेज 06 पर)

# मैसूर के रेस्टो-पब में आग, 2 की मौत

## 5 घायल, 7 का रेस्क्यू किया गया

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी



- आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची।

मैसूर । कर्नाटक के मैसूर में सोमवार को एक रेस्टो-पब में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। मरने वालों में दार्जिलिंग के 26 साल के शाहीन और नेपाल के रहने वाले 24 साल के प्रकाश हैं। सात लोगों को बचा लिया गया। अस्पताल में जिन लोगों का इलाज चल रहा है, उनमें ग्राहक सोनू, रमेश, महादेव प्रसाद, प्रज्वल, अविनाश और पब के मालिक प्रीतम पुमीत शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक दत्तगल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास फॉक्स डेन लिकर गैराज बार और रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पीएम मोदी स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री से मिले

नई दिल्ली/पेरिस/ब्राति-स्लावा। भारत और स्लोवाकिया के रिश्ते व्यापक साझेदारी तक बढ़ाए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई।

**प्रदर्शन | कार्रवाई**

### कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर को युवकों ने थप्पड़ मारे

जयपुर । जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को 6 युवकों ने थप्पड़ मारे हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने उनमें से दो युवकों को पकड़कर पीट दिया। थप्पड़ मारने वाले राकेश गुर्जर, रोहित वैष्णव, अर्जुन पंडित, अजय समेत 6 युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सभी को विधायकपुरी थाने लाया गया है। अभिजीत सोमवार को नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए। शहीद स्मारक पर अभिजीत की अगुवाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

### नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

अहमदाबाद । अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने नीट-यूजी के री-एग्जाम से पहले ऑनलाइन पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। आरोपियों पर 21 जून को होने वाले नीट री-एग्जाम और अन्य परीक्षाओं के पेपर दिलाने का झांसा देकर 1000 से ज्यादा स्टूडेंट्स और पेरेंट्स से लाखों रुपये वसूलने का आरोप है।

# 2027 का चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई, भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा

## सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत तैयारी करने का आह्वान किया

**दावा**

- कहा- जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की विदाई तय है।

अरमान



तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई होगा। उन्होंने दावा किया कि यदि लोकतंत्र को बचाने के लिए अभी प्रयास नहीं किए गए तो यह प्रदेश का अंतिम स्वतंत्र चुनाव भी साबित हो सकता है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी ताकत से चुनावी तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बूथ प्रबंधन और मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार हमेशा शिष्ट होना चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

**सपा प्रमुख ने भाजपा पर साम्प्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के हितों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है, जिससे भाजपा घबराई हुई है और उसके खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।**

## डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती है, 1000किलोमीटर दूर बने टारगेट नष्ट करने की क्षमता

# भारतीय लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का टेस्ट कामयाब

**सफल**


तमसा संकेत, एजेंसी

चांदीपुर। भारत ने लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की अपनी क्षमता को और मजबूत करते हुए स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) की सफल टेस्टिंग की है। LRLACM ऐसी क्रूज मिसाइल है, जिसे लंबी दूरी के जमीनी लक्ष्यों पर सटीक हमला करने के लिए बनाया जाता है। यानी यह 1000km दूर बने दुश्मन के ठिकानों पर भी अटैक कर सकती है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जिसमें मिसाइल ने अपने सभी टारगेट हासिल किए।

LRLACM पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित की गई मिसाइल है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**"डीप स्ट्राइक का मतलब है दुश्मन की सीमा के काफी अंदर मौजूद सैन्य ठिकानों जैसे एयरबेस, मिसाइल लॉन्च साइट, रडार स्टेशन, मिलिट्री हेडक्वॉर्टर, कमांड-कंट्रोल सेंटर पर दूर से सटीक हमला करने की क्षमता।**

### क्रूज मिसाइल क्या होती है

क्रूज मिसाइल जेट इंजन से चलती है। कम ऊंचाई पर उड़ती है और रास्ता बदल सकती है। इसके पास रडार से बचने की क्षमता होती है। साथ ही अपने टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह मिसाइल भारत की रणनीतिक मारक क्षमता को नई मजबूती देगी। परीक्षण के दौरान DRDO के सीनियर वैज्ञानिकों के साथ भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## हलचल : मुस्लिम सपा के साथ सवाल पर भड़के ओवैसी , बोले- ये बकवास है

# 'गेंद अखिलेश के पाले में डाली'

## ओवैसी बोले बीजेपी को रोकने के लिए गठबंधन को तैयार हूं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में चुनावी हलचल शुरू हो चुकी है। AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बहराइच से चुनावी अभियान की न सिर्फ शुरुआत की, बल्कि पहले प्रत्याशी का भी ऐलान कर दिया।

ओवैसी ने भाजपा को हराने के लिए गठबंधन की बात करके भाजपा विरोधी खेमे में खलबली मचा दी। गठबंधन सपा से करेंगे या बसपा से? इसे लेकर फिलहाल उन्होंने कुछ नहीं कहा है। सोमवार को लखनऊ में ओवैसी ने कहा- हमारी पार्टी यूपी में भाजपा को रोकने के लिए गठबंधन को तैयार है, बशर्ते गठबंधन में हमें इज्जत की निगाह से देखा जाए। >> (शेष पेज 06 पर)



### 'बसपा से गठबंधन ओवैसी के लिए फायदेमंद'

राजेंद्र कुमार कहते हैं- ओवैसी नीट पर नहीं बोलते, स्मार्ट मीटर पर नहीं बोलते, यूपी में फैले भ्रष्टाचार पर नहीं बोलते। वे ऐसा बोलते हैं, जिससे भाजपा को फायदा मिले। वहीं, ओवैसी बसपा के साथ गठबंधन करें तो ज्यादा फायदे में रह सकते हैं, क्योंकि बसपा के पास फिलहाल खोने को कुछ नहीं है। ओवैसी के आने के बाद कुछ सीटों पर मायावती को फायदा हो सकता है।

### बिहार और पश्चिम बंगाल का जिक्र किया

उन्होंने कहा- हम पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि हम किसी की 'बी-टीम' हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में क्या हुआ, यह सबने देखा। जो लोग बीजेपी को रोकने की बात करते थे, उनमें से कई बाद में बीजेपी में शामिल हो गए। एक हवा के झोंके में तमाम लोगों ने सिर झुका दिया और बीजेपी में चले गए। >> (शेष पेज 06 पर)

**"पत्रकार राजेंद्र कुमार कहते हैं- ओवैसी ने आज तक भाजपा को हराकर एक भी सीट नहीं जीती है। जिस राज्य से वे आते हैं, वहां भी भाजपा नहीं है। बिहार में भी जिन सीटों पर ओवैसी की पार्टी जीती है, वे राजद की सीटें हुआ करती थीं। ऐसे में यूपी में उनकी राजनीति कामयाब नहीं रही है, इसलिए गठबंधन करने से सपा को नुकसान ही होगा, फायदा नहीं।**

### हम मर जाएंगे, लेकिन ईमान का सौदा नहीं करेंगे

ओवैसी ने कहा- नाइंसाफियों के खिलाफ मजलिस और ओवैसी लड़ते हैं। यही वजह है कि हम पर तरह-तरह के आरोप लगाए जाते हैं। लेकिन मैं कहता हूं कि आरोप लगाने वाले जितने आरोप लगाना चाहें, लगाते रहें। हम मर जाना पसंद करेंगे, लेकिन अपने ईमान का सौदा नहीं करेंगे।

# टीएमसी में टूट से संसद में एनडीए मजबूत होगी

## लोकसभा में 314, राज्यसभा में 154 सांसद हो सकते हैं

**बढ़ोतरी**

तमसा संकेत, एजेंसी



- राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों में एनडीए की सीटें बढ़ सकती हैं।

नई दिल्ली/कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस (TMC) में बगावत से संसद में NDA की ताकत अब और बढ़ सकती है। TMC के 20 बागी सांसदों के समर्थन के बाद लोकसभा में NDA की संख्या 294 से बढ़कर 314 तक पहुंच सकती है।

18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव और TMC सांसदों के संभावित इस्तीफों के बाद उच्च सदन में NDA का आंकड़ा 148 से बढ़कर 154 तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि दो-तिहाई बहुमत तक पहुंचने के लिए NDA को लोकसभा में 46 और राज्यसभा में 9 सीटों की जरूरत रहेगी।

उधर, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को दावा किया, 'गृहमंत्री अमित शाह ने इन सांसदों के गैर-कानूनी तौर पर अलग होने की साज़िश रची थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

## बरेली में हालत नाजुक पूरा शरीर खून से लथपथ, देख मंत्री भड़के, बोले- बैन के बाद कैसे बिक रहा

# चाइनीज मांझे से मंत्री के भतीजे की गर्दन कटी

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी



बरेली। बरेली में चाइनीज मांझे से गन्ना राज्यमंत्री के 15 साल के भतीजे की गर्दन कट गई। वह स्कूटी से घर जा रहा था। फ्लाईओवर पर अचानक चाइनीज मांझा उसकी गर्दन से लिपट गया। जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक गर्दन का काफी हिस्सा कट गया।

आदित्य वीर सिंह गंगवार स्कूटी के साथ सड़क पर गिर गया। पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोग उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। परिवार को सूचना दी गई। घटना सोमवार सुबह 6 बजे हुई। सूचना मिलते ही मंत्री अस्पताल पहुंचे और भतीजे की हालत देखकर भड़क गए। कहा- प्रतिबंध के बावजूद मांझा कैसे बिक रहा? डीएम-एसए-सपी दोनों को बुलाकर बात करूंगा। आदित्य वीर सिंह के पिता अजय सिंह गंगवार पीलीभीत के ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख हैं। मां सीमा गंगवार बरेली में रेलवे में अफसर हैं। जबकि गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार चाचा हैं। आदित्य परिवार में इकलौता बेटा है। एक छोटी बहन है। हादसा बरेली शहर में बीचों-बीच श्यामगंज फ्लाईओवर पर हुआ। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा चाइनीज मांझे के खिलाफ पहले भी अभियान चलाया गया है। इस दौरान मांझा बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां भी हुई थीं।

### स्टेडियम जाते वक्त हुआ हादसा

आदित्यवीर का परिवार मूलरूप से पीलीभीत का रहने वाला है। हालांकि, बरेली के प्रेमनगर में भी उनका घर है। आदित्यवीर कक्षा 9 में पढ़ता है। आदित्य का ईशान अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी हालत अभी चिंताजनक है।

अस्पताल पहुंचे मंत्री संजय गंगवार ने कहा- मेरा भतीजा आदित्य वीर सुबह घर से स्टेडियम जा रहा था। रास्ते में चाइनीज मांझे से उसका गला आगे से पीछे तक कट गया। उसकी एक उंगली भी पूरी तरह कट गई है। अभी वह ओटी में था। मैं देखकर आया हूं, उसकी हालत अभी नाजुक है।



आदित्य वीर सिंह, अपनी मां सीमा और पिता अजय गंगवार के साथ- फाइल फोटो

**मंत्री ने कहा- चाइनीज मांझे पर सरकार प्रतिबंध लगा चुकी है। इसके बावजूद बाजार में इसकी बिक्री होना गंभीर है। डीएम-एसएसपी दोनों को बुलाकर बात करूंगा। चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। यह भी पता लगाया जाए कि बाजार में इसकी आपूर्ति कैसे हो रही है।**

### डॉक्टर बोले- गर्दन की नसें कटीं, ऑपरेशन में 3 घंटे लगे

ईशान हॉस्पिटल के डॉक्टर कौशल कुमार ने बताया- चाइनीज मांझे से आदित्य का ऊपरी होंठ, दाहिना गाल और गर्दन पर गहरे घाव हो गए थे। कान भी कट गया था और बाएं हाथ की एक उंगली भी कटकर लटक गई थी।मांझे से गर्दन की नसें कटने के कारण काफी रक्तस्राव हुआ। उन्होंने बताया- आदित्यवीर बुरी तरह घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचा। तुरंत ऑपरेशन किया गया। इसमें साढ़े तीन घंटे लगे। जरूरत पड़ने पर ब्लड चढ़ाया जाएगा। पूरी तरह स्वस्थ होने में अभी 3-4 हफ्ते का समय लग सकता है। फिलहाल बच्चे की जान सुरक्षित है।

# मोहर्रम की तैयारियां शुरू नहीं उठेगा बड़ा ताजिया

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज । करबला के शहीदों की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम की शुरुआत 17 जून से हो रही है। प्रयागराज का मोहर्रम अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। हालांकि इस बार बड़ा ताजिया मोहर्रम कमेटी ने ताजिया और जुलूस न उठाने का फैसला किया है। जबकि बुड्ढा ताजिया उठाए जाने का ऐलान किया गया है। कमेटी ने बैठक कर ताजिया उठाने की बात कही। मासूम अली असगर का झूला उठाने को लेकर बैठक की तैयारी है।

मोहर्रम के जूलूस, अलम और ताजिया के साथ तलवारबाजी, ऊंट आदि पर रोक लगाई गई है। मोहर्रम के मद्देनजर सभी थानों में पीस कमेटी की बैठकें हो रही हैं।

प्रयागराज शहर में 17 जून से 27 जून तक मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें ताजियादारों, मोहर्रम कमेटियों, धर्मगुरुओं और क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शहर की पुरानी कमेटी के तहत इस वर्ष भी बुड्ढा ताजिया परंप-रागत रूप से अपना मोहर्रम जुलूस निकालेगा, जबकि बड़ा ताजिया कमेटी ने इस बार जुलूस न निकालने का निर्णय लिया है।

फास्ट न्यूज

### दालमंडी में पोकलैंड मशीन से 5 मकान तोड़े गए

वाराणसी। वाराणसी के दालमंडी में सोमवार की अल सुबह ही ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से पोकलैंड मशीन और बुलडोजर ने 5 मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। ये पांचो मकान वीडीए ने अवैध घोषित किए थे। इस दौरान दालमंडी में सन्नाटा देखने को मिला। ध्वस्तीकरण को देखते हुए एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे।

### 25 जून तक काशी पहुंचेगा मानसून

वाराणसी। मानसून के काशी पहुंचने से पहले मौसम का मिजाज एक बार फिर गर्म हो गया है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं हवा की रफ्तार करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

वातावरण में नमी का स्तर 34 प्रतिशत तक पहुंच गया। बढ़ती गर्मी और उमस के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने सोमवार को थंडरस्टॉर्म (गरज-चमक) के प्रभाव से आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### लड़कियों के कपड़े पहनकर चोरी करने वाला गैंग

गोरखपुर। गोरखपुर में सलवार सूट और चुनरी पहनकर चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ये गैंग लड़कियों के कपड़े पहनकर दुकानों में चोरी करता था। रविवार को स्पेयर पार्ट्स में चोरी करने वाले गैंग के मुख्य सरगना को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सोमवार को गैंग के दूसरे सदस्य के पकड़े जाने के बाद पूरा गैंग का पर्दाफाश हुआ है।

# 9 नहीं दानपात्र में सिर्फ एक नकली नोट

## अफसर बोले- जांच की जरूरत नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित श्रीहनुमत निकेतन मंदिर के दानपात्र में नकली नोट मिलने के मामले का खुलासा हो गया है। प्रशासन का कहना है कि दानपात्र से नौ नहीं, बल्कि केवल 200 रुपये का एक नकली नोट मिला था, जिसे नियमानुसार नष्ट करा दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं होने के कारण किसी जांच की आवश्यकता नहीं समझी गई है।

एक दिन पहले दानपात्र से कई नकली नोट मिलने की चर्चा के बाद मामला सुर्खियों में आ गया था। सोमवार को मंदिर के प्रभारी रिसीवर एवं एडीएम सिविल सप्लाई विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि नौ नकली नोट मिलने की बात पूरी तरह गलत है। दानपात्र की गिनती के दौरान सिर्फ एक 200 रुपये का नकली नोट मिला था। फिलहाल इस मामले में कोई जांच नहीं कराई जा रही है।

जानकारों के अनुसार किसी नोट के नकली होने की पुष्टि बैंक द्वारा किए जाने के बाद एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार बैंक या रिजर्व बैंक के पास होता है। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर वीके सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में सामान्यतः बैंक या आरबीआई ही कानूनी कार्रवाई शुरू करते हैं। उधर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## प्रदेश 32 जिलों में अलर्ट, पारा 41 डिग्री सेल्सियस, हाथी खा रहे आइसक्रीम

# पश्चिमी यूपी में बदला मौसम तेज आंधी शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी




वाराणसी, लखनऊ। यूपी में प्री-मानसून एक्टिव है। मौसम विभाग ने सोमवार को 32 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं दोपहर बाद पश्चिमी यूपी के गाजियाबाद, अलीगढ़ में तेज आंधी शुरू हो गई है। जबकि मेरठ में आंधी के साथ बारिश हो रही है। करीब 50-60 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

सुबह मेरठ के मवाना में 2 घंटे तक बारिश शुरू हुई। रविवार की बात करें तो जालौन 41 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। गर्मी का असर जानवरों पर भी देखने को मिल रहा है। गोरखपुर चिड़ियाघर में हाथियों को आइसक्रीम खिलाई गई।

गोरखपुर में शनिवार सुबह से ही तेज धूप और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। आसमान साफ रहने के कारण गर्मी का असर ज्यादा महसूस हो रहा है। हवा में नमी 61 फीसदी से अधिक होने से लोग चिपचिपी गर्मी से परेशान हैं। दोपहर के समय धूप तेज होने के साथ उमस और बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, आज शहर का अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आने वाले समय में आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। इस दौरान 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।




### गाजियाबाद में सुबह से घने बादल छाए, बारिश के आसार

गाजियाबाद में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं और बारिश जैसा मौसम है। मौसम विभाग ने आज यानी सोमवार को हल्की बारिश का अनुमान जताया है। सुबह न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। हवा की गति सामान्य 6 किलोमीटर प्रति घंटा से है।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया-हरियाणा के आसपास पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। इसके चलते प्री-मानसून की बारिश हो रही है। 17 से 20 जून के बीच मानसून यूपी में सोनभद्र और ललितपुर के रास्ते एंट्री कर सकता है। अभी मानसून बिहार तक पहुंच चुका है।**

सीनियर साइंटिस्ट अतुल सिंह बताते हैं- इस साल यूपी समेत पूरे देश में सामान्य से कम बारिश का अनुमान है। आमतौर पर यूपी में जून से सितंबर के बीच करीब 820 से 840 मिलीमीटर बारिश होती है। लेकिन, इस साल 8% कम यानी लगभग 754 से 773 मिलीमीटर तक ही पानी बरसेगा।

## गाजीपुर में पान की गुमटी चलाता था ■ लिखा- बिजली विभाग से परेशान हूं

# 1 लाख 12 हजार बिजली बिल जमा नहीं कर पाया तो जान दी

तमसा संकेत, एजेंसी



सुरेंद्र कश्यप
मृतक
दुकानदार

सैदपुर, गाजीपुर । यूपी के गाजीपुर में बिजली विभाग से परेशान होकर पान की गुमटी चलाने वाले ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें लिखा है- मैं बिजली विभाग से परेशान होकर यह कदम उठा रहा हूं।

घरवालों ने बताया- 9 महीने पहले बिजली विभाग ने 1 लाख 12 हजार रुपए का बिल भेज दिया था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने से हम लोग बिल नहीं भर सके। उधार लेकर छोटी-छोटी किश्तें देते रहे। इस पर विभाग से नोटिस भेज दिया। इसी से परेशान होकर दुकानदार ने सुसाइड कर लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना जिला मुख्यालय से 36 किलोमीटर दूर सैदपुर थाना क्षेत्र की है।

नगर क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र कश्यप (55) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के सामने एक छोटी-सी पान की गुमटी चलाते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते दोनों बेटे दूसरे शहर में काम करते हैं। दोनों बेटियों की शादी होना बाकी है। पत्नी ज्ञानती देवी ने बताया- सितंबर, 2025 में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने उनके घर पर छापेमारी की थी। इसके बाद विभाग की ओर से 1 लाख 12 हजार रुपए का बकाया बिजली बिल जमा करने का नोटिस जारी किया गया था। हम लोगों के लिए इतनी बड़ी रकम जमा करना आसान नहीं था। इसके बावजूद पति सुरेंद्र लगातार विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे और बिल में राहत देने या समाधान करने की गुहार लगाते रहे।

**इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। सुसाइड नोट, गरवालोंके बयान और बिजली विभाग से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जाएगी।**

### उधार लेकर जमा करते रहे किश्तें

सुरेंद्र कई बार उधार लेकर बिजली बिल की किस्तें जमा करते रहे। इसके बावजूद बकाया पूरी तरह खत्म नहीं हो सका। जब मामला राजस्व वसूली अमीन के पास पहुंचा, तो उन पर भुगतान का दबाव और बढ़ गया। लगातार नोटिस, वसूली की कार्रवाई और आर्थिक संकट के कारण वह गहरे मानसिक तनाव में रहने लगे थे।

सोमवार सुबह सुरेंद्र ने अपने घर में कीटनाशक (सल्फास) पी लिया। घरवाले उन्हें सैदपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडेय और थाना प्रभारी सैदपुर अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।


### पत्नी बोली- दोनों बेटियों की शादी होनी थी

पत्नी ज्ञानती देवी ने बताया- हमारे 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। बड़ा बेटा सूरज शादीशुदा है और परिवार के साथ अलग रहता है। छोटा बेटा शुभम पिता के साथ पान गुमटी पर बैठता था। लेकिन, दुकान नहीं चलने की वजह से 2 महीने पहले वह भी कमाने के लिए शहर चला गया था।

बड़ी बेटी अंजलि पहले सैदपुर के एक मॉल में लेडीज डेस्क पर काम करती थी। अभी वह रिसेप्शनिस्ट की जॉब के लिए दिल्ली गई है। छोटी बेटी आंचल बीएससी की पढ़ाई कर रही है। दोनों बेटियों की अब तक शादी नहीं हो सकी है।

## जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की मासिक वर्चुअल बैठक संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी । नई दिल्ली/ऑनला-इन, 15 जून 2026। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की मासिक वर्चुअल बैठक सोमवार को सफल-तापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े आधा सैकड़ा से अधिक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता करते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, निष्पक्ष पत्रकारिता तथा संगठन के विस्तार एवं सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अनुराग सक्सेना ने की, जबकि संचालन डॉ. आर. सी. श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि वर्तमान समय में सत्य को उजागर करना मानो एक चुनौती बनता जा रहा है। निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को अनेक प्रकार के दबावों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई स्थानों पर पत्रकारों के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं तथा उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ मामलों में पत्रकारों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बी. त्रिपाठी ने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता पर निरंतर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यही कारण है कि पत्रकारों को अनावश्यक विवादों एवं झूठे मुकदमों में फंसाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने पत्रकारों से एकजुट रहकर अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## मांग : काशी में पुलिस से नोकझोंक, पेपर लीक के विरोध में 100 समर्थकों के साथ गिरफ्तार

# गेट खोलो, मुझे पैनिक अटैक पड़ता है : पल्लवी पटेल

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । अपना दल (कमेरा-वादी) की अध्यक्ष पल्लवी पटेल और उनके करीब 100 समर्थकों को वाराणसी में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पल्लवी पटेल सोमवार को नीट पेपर लीक समेत अन्य मुद्दों को लेकर बीएचयू गेट पर प्रदर्शन कर रही थीं। इसके बाद पीएम मोदी के संसदीय कार्यालय तक मार्च करने वाली थीं। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति न लेने का हवाला देते हुए सभी को वैन में भर दिया। इस दौरान पल्लवी पटेल की सांस फूलने लगी। तब चीखते हुए उन्होंने कहा, 'वैन का गेट खोलो, मुझे पैनिक अटैक पड़ता है।' इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। पल्लवी पटेल ने नीट पेपर लीक की जांच न्यायिक अधिकारियों की देखरेख में सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा, पेपर लीक व धांधली में लिप्त लोगों का नाम सार्वजनिक करना चाहिए। NTA और अन्य परीक्षा नियंत्रक अधिकारियों पर रासुका की कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए। पल्लवी पटेल ने उत्तर प्रदेश लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपों के मद्देनजर फिर से परीक्षा कराने, यूपीएसआई पारदर्शी परीक्षा की गारंटी के लिए स्कोरकार्ड तत्काल जारी करने की मांग की।






### जौनपुर टोल प्लाजा पर कार रोकी, पल्लवी पगडंडी से निकलीं

प्रदर्शन में पल्लवी पटेल के वाराणसी आने की सूचना पर जिले के बॉर्डर और टोल प्लाजा पर संबंधित जिलों की पुलिस तैनात रही। रविवार की रात करीब नौ बजे जौनपुर में प्लाजा पर पल्लवी काफिले के साथ पहुंचीं तो पुलिस ने घेराबंदी कर रोकने की कोशिश की। इस बीच वह कार से दो कार्यकर्ताओं के साथ उतरकर खेत की ओर निकल गईं। मोबाइल फोन बंद कर करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलने के बाद मुख्य मार्ग पर आईं। एक सवारी भरी ऑटो में वह बैठकर वाराणसी सीमा में प्रवेश कर गईं।

मोबाइल फोन ऑन कर अपना लोकेशन पार्टी पदाधिकारियों को भेजा, पार्टी पदाधिकारी उनको लेने पहुंचे। उनको लेकर बाबतपुर स्थित एक कार्यकर्ता के घर पहुंचीं और रात में रुकी रहीं।

### प्रदर्शन की सूचना पर कई नेता नजरबंद

प्रदर्शनकारियों ने बीएचयू के लंका गेट से 2 किलोमीटर दूर प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय तक मार्च निकालने की तैयारी की थी। प्रशासन ने प्रस्तावित मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया। प्रदर्शन से पहले कई संगठनों के पदाधिकारियों को नजरबंद कर दिया गया था। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कहा, प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी।

# प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में पांच-पांच हजार की रिश्वत

## घायलों के मेडिकल और रेफर करने के नाम पर वसूली

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज में स्वास्थ्य विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। इलाज के लिए मरीज परेशान तो हैं ही साथ ही गांवों के सरकारी अस्पतालों मरीजों से रुपये वसूलने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कस्बा मऊआइमा का सामने आया है।

यहां मारपीट के मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे परिवार से मेडिकल कराने और शहर के अस्पताल रेफर करने के नाम रिश्वत मांगी गई। 5 हजार रुपये की डिमांड पर 3 हजार रुपये दे दिए गए लेकिन अस्पताल कर्मचारी नहीं मानें।

रिश्वतखोरी, जबरन वसूली के एक नहीं दो मामले एक साथ सामने आए। जिन परिवारों से रुपये की डिमांग और वसूली की उनका वीडियो सामने आया है। महिलाएं साफ तौर पर बता रही हैं कि उनसे रुपये की मांग की गई। पूरी रकम न देने पर मामला उलझाया गया।

**केस एक**

सकरामऊ मऊआइमा की रहने वाली अर्चना का कहना है कि सीएचसी में उनसे मेडिकल में गंभीर चोट दिखाने, प्रयागराज के बेली अस्पताल रेफर करने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की गई। तीन हजार रुपये दे दिए लेकिन दो हजार रुपये और मांगे जा रहे हैं।

**केस दो**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठीं सवारी देवी का कहना है कि उनके बेटे को चोट लगी थी। मेडिकल के लिए रेफर करने के नाम पर असपताल में पांच हजार रुपये की मांग की गई। तीन हजार रुपये दे चुके हैं। दो हजार रुपये और देने को बोला गया है।

**अधीक्षक बोले**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कस्बा मऊआइमा अधीक्षक में अभिमन्यु सिंह ने इन आरोपों से इंकार किया। कहा कि ऑपरेटरों की कमी के कारण मेडिकल प्रमाणपत्रों की ऑनलाइन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

# टांडा में सपा का शक्ति प्रदर्शन, 27 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार पर हमला

# टांडा में सपा का शक्ति प्रदर्शन

**नारेबाजी**

बृजेंद्र वीर सिंह





तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। टांडा में सोमवार को समाजवादी पार्टी ने जनसमस्याओं और बुनकर समुदाय से जुड़े मुद्दों को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता हयातगंज स्थित सपा कार्यालय से जुलूस निकालते हुए तहसील पहुंचे। जुलूस स्टेट बैंक मार्ग से गुजरता हुआ तहसील परिसर पहुंचा, जहां उपजिलाधिकारी डॉ. शशिशेखर के माध्यम से राज्यपाल को 27 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सपा ने किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग की। इसके अलावा बेहतर विद्युत आपूर्ति, जर्जर सड़कों की मरम्मत, भ्रष्टाचार पर अंकुश और पुलिस उत्पीड़न पर रोक लगाने की भी मांग की गई। टांडा नगर क्षेत्र में दाखिल-खारिज की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की बात भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रदर्शन के दौरान बसखारी दरगाह क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने, रोडवेज बस सेवा शुरू करने और अवैध कब्जों को हटाने की मांग भी उठाई गई।

## सरकार पर वादाखिलाफी और उपेक्षा का आरोप

विधायक राममूर्ति वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल है। उन्होंने कहा कि बुनकर, किसान, बेरोजगार युवा और आम नागरिक लगातार समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी।

## बुनकरों के लिए बिजली और उद्योग की मांग प्रमुख

ज्ञापन में बुनकर समुदाय से जुड़ी कई अहम मांगें रखी गईं। इसमें पावरलूम बुनकरों को निःशुल्क बिजली आपूर्ति, फर्जी बिलिंग पर रोक और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग शामिल रही। इसके साथ ही बुनकर हाट और टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की मांग भी उठाई गई, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

**बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद**

**प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव, पूर्व चेयरमैन हाजी इफ्तेखार अहमद अंसारी, जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।**

# गोलीकांड मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, एसपी से शिकायत

### पीड़ित पक्ष ने धमकी देने का लगाया आरोप, निष्पक्ष विवेचना की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। महरुआ थाना क्षेत्र के चर्चित गोलीकांड मामले में पीड़ित पक्ष ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। मामले के वादी ने आरोप लगाया है कि घटना में नामजद एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी उसका सहयोगी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

सिलावट गांव निवासी आदित्य प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 31 मई 2026 की रात उनके भाई आशुतोष प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था। घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फरार आरोपी लगातार पीड़ित पक्ष और गवाहों को धमकी दे रहा है। साथ ही पुलिस जांच में सहयोग न करने के लिए दबाव बनाने की भी बात कही गई है।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद गिरफ्तारी न होने से परिवार में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

वादी ने पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप कर फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं, मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। पुलिस की ओर से शिकायत पर जांच और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

**फास्ट न्यूज**

### योग और प्राणायाम से मिलती है शारीरिक व मानसिक मजबूती: डॉ. तारकेश्वर मिश्र

अंबेडकरनगर। योग प्रशिक्षक डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु' ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग और प्राणायाम स्वस्थ जीवन का मजबूत आधार बनकर उभरे हैं। उन्होंने बताया कि तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे जैसी समस्याओं से बचाव में नियमित योगाभ्यास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### दो दिवसीय यातायात अभियान में 32 वाहनों का चालान

अम्बेडकरनगर। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जनपद में 13 और 14 जून को विशेष यातायात प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना रहा। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने, मानक नंबर प्लेट और एचएसआरपी के नियमों का उल्लंघन करने, अनधिकृत मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### विधिक जागरूकता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को बताए गए कानूनी अधिकार

अंबेडकरनगर। विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अकबरपुर स्थित वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, कल्याणकारी कानूनों और साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

# पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

### छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा और अधिशासी अधिकारी राजमणि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋण सहायता से जुड़े प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौंपे गए। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भरता विजन को रेखांकित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिल रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे उन्हें बिना गारंटी ऋण सुविधा मिल रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने लाभार्थियों से समय पर ऋण चुकाने और अपने व्यवसाय को विस्तार देने की अपील की।

# महिला ने एसडीएम पर रिश्वत लेकर एकतरफा आदेश का आरोप लगाया

### प्रभारी मंत्री के सामने पहुंचा मामला, मौके पर ली गई शिकायत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। टांडा तहसील क्षेत्र में उस समय मामला चर्चा में आ गया जब प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर की प्रेस वार्ता के बाद एक महिला ने प्रशासनिक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए। महिला ने एसडीएम पर दूसरे पक्ष से रुपये लेकर एकतरफा आदेश देने का आरोप लगाया।

प्रेस वार्ता के बाद महिला अपनी शिकायत लेकर मौके पर पहुंची और प्रभारी मंत्री से न्याय की गुहार लगाई। टांडा के आसोपुर निवासी शैलेंद्र कुमारी ने आरोप लगाया कि लंबे समय से चल रहे विवाद में उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर पक्षपात हुआ है, जिससे उनका मामला प्रभावित हुआ है।

महिला ने प्रभारी मंत्री को लिखित



आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल देखी गई। तहसील स्तर पर लगाए गए आरोपों को लेकर चर्चा बनी हुई है। फिलहाल पूरे प्रकरण की जांच की प्रक्रिया पर नजर है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि शिकायत प्राप्त होने पर नियमों के तहत जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री ने सुनी शिकायत, जांच का दिया भरोसा

शिकायत मिलने पर प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने महिला से सीधे बातचीत की और मामले की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही संबंधित प्रार्थना पत्र देने को कहा और आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

इस दौरान मंत्री ने महिला के साथ आए छोटे बच्चों को बिस्कुट भी दिए और उन्हें शांत रहने की अपील की।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर

### पैर में चोट लगने के बाद आवास पहुंचकर जाना हालचाल

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने रविवार को टांडा क्षेत्र के गोविंदपुर पहुंचकर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा का कुशलक्षेम जाना। हाल ही में पैर में चोट लगने और फ्रैक्चर होने की सूचना मिलने पर प्रभारी मंत्री उनके निजी आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कपिल देव वर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपचार संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में भी बातचीत की। प्रभारी मंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान प्रभारी मंत्री ने कपिल देव वर्मा से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने जल्द स्वस्थ होकर पुनः सामाजिक और सार्वजनिक गतिविधियों में सक्रिय होने की शुभकामनाएं दीं।

राजभर ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है और बेहतर उपचार तथा सावधानी से जल्द स्वास्थ्य लाभ संभव है। उन्होंने चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की भी बात कही।

प्रभारी मंत्री के आवास पहुंचकर हालचाल लेने की सूचना के बाद स्थानीय राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी इस मुलाकात की चर्चा रही। इस दौरान क्षेत्र के कई कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे। कपिल देव वर्मा ने प्रभारी मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका हालचाल जानने के लिए आवास पर पहुंचना आत्मीयता का परिचायक है।

# 'योगा फॉर हेल्थ एजिंग' थीम पर निकली जागरूकता रैली

# योग सप्ताह का शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत योग सप्ताह की शुरुआत सोमवार को लोहिया भवन में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि व महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम में कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधू वर्मा) मौजूद रहे। संचालन डॉ. भावना शर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग के लाभों के बारे में जानकारी दी।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि 15 जून से 21 जून 2026 तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित होगा। इस वर्ष की थीम 'Yoga For Healthy Ageing' निर्धारित की गई है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं और गिनीज रिकॉर्ड की तैयारी

आयुष विभाग द्वारा योग को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में सहभागिता का प्रयास भी किया जा रहा है।

प्रतिभागियों के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल से पंजीकरण की सुविधा दी गई है। पंजीकरण के बाद लिंक के माध्यम से मोबाइल या अन्य डिजिटल उपकरण पर योग सत्र से जुड़ा जा सकता है।

**स्लोगन, योग चित्रकला और योगासन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। स्लोगन प्रतियोगिता में 2 से 4 पंक्तियों का संदेश देना होगा। चित्रकला में योग विषयक पोस्टर और योगासन में 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा।**

ऑनलाइन प्रविष्टियां 17 जून 2026 शाम 5 बजे तक आयुष विभाग के पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी। प्रत्येक श्रेणी में 5-5 विजेताओं का चयन किया जाएगा। विजेताओं को 21 जून से 30 जून के बीच सम्मानित किया जाएगा। योग सप्ताह के दूसरे दिन 16 जून 2026 को अम्बेडकर पार्क, अकबरपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### योगाभ्यास और रैली का आयोजन

योग सत्र में योग प्रशिक्षक अशोक पासवान और विकास तिवारी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इसके बाद लोहिया भवन से योग जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

रैली का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। जनपद मुख्यालय के साथ सभी ब्लॉकों में भी सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# रंगदारी मामले में आरोपी की जमानत खारिज, फर्जी शपथपत्र पर कोर्ट सख्त

### सत्र न्यायालय ने तकनीकी आधार पर जमानत अर्जी की खारिज

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। हंसवर क्षेत्र के वर्ष 2024 के रंगदारी, धमकी और आपराधिक साजिश मामले में आरोपी जफर सुपारी उर्फ खान जफर को सत्र न्यायालय से राहत नहीं मिली। सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने उसकी पहली नियमित जमानत अर्जी को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया।

कोर्ट ने पाया कि जमानत अर्जी विधिसम्मत शपथपत्र से समर्थित नहीं थी और प्रस्तुत दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

सुनवाई के दौरान रसूलपुर खासपुर निवासी नेबूलाल स्वयं कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने प्रार्थनापत्र और शपथपत्र देकर कहा कि उन्हें मामले में पैरोकार और शपथपत्रकर्ता दिखाया गया है, जबकि उनका इस केस से कोई संबंध नहीं है।

नेबूलाल ने बताया कि उन्होंने न तो कोई शपथपत्र तैयार कराया और न ही उस पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने स्वयं को मामले से अनभिज्ञ बताया और जांच की मांग की।

कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दस्तावेजों का परीक्षण किया। जमानत अर्जी में लगी फोटो का मिलान कोर्ट में मौजूद नेबूलाल से किया गया, जो उनकी ही पाई गई।

हालांकि शपथपत्र पर मौजूद हस्ताक्षर और कोर्ट में किए गए हस्ताक्षर में स्पष्ट अंतर पाया गया। इस आधार पर कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि पहचान का दुरुपयोग कर शपथपत्र तैयार किया गया है। मामले में हंसवर के चकदाऊदपुर निवासी उजैर अहमद ने 1 मई 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सऊदी अरब में रहते हैं। रमजान की छुट्टी में घर आने पर उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया।

आरोप है कि कॉल करने वाले ने जमीन खरीद से पहले रुपये देने की मांग की और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अलग-अलग तिथियों में कुल 2.95 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए गए। बाद में भी धमकी और अतिरिक्त धन की मांग जारी रही।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 राज्य स्तरीय तीन प्रतियोगिताएं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से राज्य स्तरीय तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनसामान्य में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

प्रतियोगिताओं में स्लोगन लेखन, योग चित्रकला (पोस्टर) और योगासन प्रदर्शन शामिल हैं। इच्छुक प्रतिभागी आयुष विभाग के कवच पोर्टल https://kavach.upayush.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 जून 2026 शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। आयुष विभाग के अनुसार इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को हिंदी में दो से चार पंक्तियों का योग विषयक स्लोगन प्रस्तुत करना होगा।

योग चित्रकला प्रतियोगिता में 70×56 सेंटीमीटर आकार के चार्ट पेपर पर हाथ से तैयार पोस्टर जमा करना होगा। वहीं योगासन प्रतियोगिता में अधिकतम एक मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य होगा। यह प्रतियोगिता व्यक्तिगत श्रेणी में होगी।

**17 जून तक ऑनलाइन आवेदन, स्लोगन, पोस्टर और योगासन प्रतियोगिता में मिलेंगे नकद पुरस्कार**

तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय 11 हजार रुपये, तृतीय 5,100 रुपये, चतुर्थ 2,100 रुपये और पंचम 1,100 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

**निर्देश: कला और समाज सेवा समेत कई क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को मिलेगा अवसर**

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन हुआ शुरू

> प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों की प्रतिभा, नवाचार, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला महत्वपूर्ण सम्मान माना जाता है।

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से दिए जाने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए जनपद के प्रतिभाशाली बच्चों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने कम आयु में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने संबंधित विभागों को ऐसे बच्चों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला, संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। पात्र बच्चे निर्धारित पोर्टल awards.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की गई है।

निर्देशों के अनुसार नामांकन के बाद आवेदन की एक प्रति संस्तुति सहित जिला प्रोबेशन अधिकारी, अम्बेडकरनगर को उपलब्ध करानी होगी।

### विभागों को दिए गए चिन्हांकन के निर्देश

जिलाधिकारी ने जनपद के विद्यालयों, खेल संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से पात्र बच्चों का नामांकन कराने की अपील की है। साथ ही प्रभागीय वनाधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला मनोरंजन कर अधिकारी को भी योग्य बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कर्बला की याद में रक्तदान शिविर 31 युवाओं ने किया रक्तदान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जलालपुर स्थित रौजा-ए-हजरत कासिम परिसर में राह-ए-निजात ग्रुप की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर में कुल 40 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 31 ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने भाग लेकर मानव सेवा का संदेश दिया।

शिविर का उद्घाटन इमाम-ए-जुमा मौलाना रहबर सुल्तानी ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की अपील की।

**जलालपुर के रौजा-ए-हजरत कासिम परिसर में मानव सेवा का संदेश**

शिविर में मुस्तफाबाद, नगपुर, आसीपुर, नई बाजार, जाफराबाद, वाजिदपुर और उस्मानपुर सहित कई क्षेत्रों से युवा शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में नसीम हैदर, अली हैदर, डॉ. काजिम, मोहम्मद अब्बास, कासिम अब्बास, जाहिद हुसैन, जाकिर अब्बास सहित कई नाम शामिल रहे।

रक्त संग्रह और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सकीय टीम मौजूद रही। टीम में डॉ. रवि विक्रम, अर्शिया शबनम, सुनील कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह और खुशी राम शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# चढ़ावे की चोरी



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला है। सदियों के संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद बना यह मंदिर विश्व भर के हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है। ऐसे मंदिर में चढ़ावे की चोरी की घटना को बहुत ही गंभीरता से लेने की आवश्यकता थी, लेकिन कोई नहीं जानता कि दान की राशि में हेराफेरी की बात सामने आते ही उच्चस्तरीय जांच का निर्णय क्यों नहीं लिया गया? इस मामले में जिस प्रकार एफआईआर दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं समझी गई, उससे अनेक सवाल खड़े होते हैं। यह विचित्र है कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी की भनक सबसे पहले विपक्षी नेताओं को लगी और उनकी ओर से आवाज उठाने के बाद ही मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर गया। इससे तो यही इंगित होता है कि दान में मिले धन के प्रबंधन की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। कम से कम अब तो ऐसा अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। यह समझना कठिन है कि चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इससे इन्कार क्यों किया कि इस तरह की कहीं कोई घटना हुई है? इसके उपरांत जब दान राशि की गिनती से जुड़े लोगों के ठिकानों से लाखों रुपये मिले, तब जाकर इस मामले में थोड़ी गंभीरता दिखाई गई। इनमें से कुछ व्यक्ति तो ऐसे हैं, जिन्होंने महंगी संपत्ति खरीदी और अपने वैभव का सार्वजनिक प्रदर्शन करने में लगे हुए थे। इस सबको देखते हुए यह कहना कठिन है कि दान की राशि में हेराफेरी का सिलसिला पिछले कितने समय से चला आ रहा था। यह ठीक है कि अंततः ट्रस्ट के आग्रह पर एक विशेष जांच दल का गठन कर दिया गया है। यह जांच दल दानपात्रों के सुरक्षा प्रबंध के साथ राशि गिनने और उसे बैंक में जमा करने की प्रक्रिया जांचेगा, लेकिन उचित यह होगा कि यह दल उन कारणों की तह तक भी जाए, जिनके चलते आरंभ में ही चढ़ावे की राशि में हेराफेरी का पता नहीं चल सका। किसी के लिए भी यह समझना कठिन है कि इतने प्रतिष्ठित मंदिर में पहले दिन से ही ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की गई कि दान में मिली पाई-पाई का रखरखाव सही तरीके से हो? किसी को इस प्रश्न का उत्तर देना चाहिए कि प्रारंभ में ही उस कक्ष में सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगाए गए, जिसमें दानपात्रों को खोला जाता था और फिर राशि की गिनती होती थी। उचित यह होगा कि विशेष जांच दल अपनी छानबीन इस तरह करे कि सभी दोषी पकड़े जाएं और ट्रस्ट के जिन भी लोगों ने अपेक्षित जिम्मेदारी का परिचय नहीं दिया, उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाए। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि श्रद्धा का कोई भी केंद्र हो, वहां यदि भक्तों के दान की राशि के साथ किसी भी तरह की हेराफेरी होती है तो उनकी आस्था को गहरी चोट पहुंचती है।

# संतों से धर्म की बोध प्राप्ति

साधु का एक अर्थ सन्यासी है और दूसरा अर्थ सज्जन आदमी हैं । चलती दौड़ती इस तेज रफ्तार जिंदगी में हम कर्म हंस हंस के बांध रहे हैं । हमे ऐसे ही जिंदगी में चलते हुए नहीं टूटते हुए कर्म को बांधते हैं । वह हमको यह भी पता है कि पूरी जिंदगी, इसे तोड़ने में लग जाती है। हमें संसार के इस दुखों से तरना आता नहीं हैं । हम इतने साधु-संतों की जीवन चर्या देख के भी समझ पाते नहीं हैं । अतः हमको दुखों से बचना है तो वही ( धर्म करने) जीवन हैं जो हमें बचाएगा। वही मोक्षगामी बनेगा जो ऐसा जीवन रचायेगा।। आदमी सुनकर कल्याण को, धर्म को जान लेता हैं । वह सुनकर पाप को जान लेता हैं । कल्याण और पाप दोनों को आदमी सुनकर जानता हैं और फिर श्रेयस्कर हों उसका अनुकरण करने को बढ़ता हैं । आदमी संतों और ज्ञानियों से सुनता हैं तो धर्म का बोध प्राप्त होता हैं । अहिंसा , ईमानदारी आदि की भी प्रेरणा मिल सकती हैं । हमारे धर्मसंघ के प्रथम आचार्य श्री भिक्षु हुए।उन्होंने अहिंसा और दया की बात बताईं । आदमी के भीतर क्रोध , मान, माया, लोभ और कषाय होते हैं । उससे आदमी कषायी बन जाता हैं और इनका त्याग कर अकषायी भी बन सकता हैं । स्वाध्याय सार्थक जीवन पुस्तिका का मुख्य अध्याय है ।सद्साहित्य पठन, नियमित अध्ययन, चिन्तन-मनन आदि ज्ञान प्राप्ति का सुगम साधन है। जीवन-निर्माण संबंधी सद्साहित्य का अध्ययन और चिन्तन-मनन करने से आदि चारित्रिक उन्नयन होता है। वह आज तक जितने भी ज्ञानी हुए हैं उन्होंने सतत स्वाध्याय की महत्ता पहचानी हैं । स्वाध्याय से न केवल अधिकाधिक ज्ञानार्जन की वृत्ति पुष्ट होती है बल्कि हमारे चिन्तन में सद्गुणों की वृद्धि होती है । ज्ञान के साथ मन में उल्लास भर जाता है। वह दृढ़ आत्मविश्वास होता है । स्वाध्याय को परम तप भी कहा गया है क्योंकि यह मोक्ष-मार्ग पर जाने के लिए प्रवर्त्त करता है। ज्ञान को अतिरिक्त चक्षु की उपाधि दी गई है, अज्ञान को तो मनुष्य का शत्रु माना जाता है, जिसके कारण ही तो मनुष्य जघन्य कर्म करने से भी नहीं हिचकिचाता है। ज्ञान मनुष्यता का गौरव,मानवता की सौरभ है। संतों के उपदेश से एक कसाईं ने पाप को समझकर आजीवन हिंसा का त्याग किया । अतः सामने वाले को समझाने की भी कला हों कि बात सामने वाले के गलें उतर जाए ।

› प्रदीप छाजेड़

# शिक्षा में एक नये युग एवं शैक्षिक क्रांति की आहट

**तेरापंथ धर्मसंघ की शिक्षा-दृष्टि सदैव व्यापक, मानवीय और दूरदर्शी रही है। इस परंपरा में शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं माना गया, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास का आधार समझा गया है।**







आज पूरी दुनिया शिक्षा के एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां ज्ञान का विस्तार तो अभूतपूर्व हुआ है, लेकिन जीवन मूल्यों का क्षरण भी उतनी ही तेजी से दिखाई देता है। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न बनाया है, लेकिन मानसिक तनाव, हिंसा, प्रतिस्पर्धा, नैतिक संकट और मानवीय संवेदनाओं के क्षय जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रश्न लगातार गूंज रहा है कि क्या वर्तमान शिक्षा व्यवस्था वास्तव में मनुष्य का निर्माण कर रही है या केवल पेशेवर और उपभोक्तावादी समाज का निर्माण कर रही है? ऐसे समय में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा प्रारंभ की गई आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल की योजना एक नई आशा, नई दृष्टि और नए शैक्षणिक दर्शन के रूप में सामने आई है। यह केवल विद्यालयों की स्थापना की योजना नहीं है, बल्कि शिक्षा को उसके मूल उद्देश्य से जोड़ने का एक महाअभियान है। महासभा ने देशभर में लगभग सौ विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़, गंगाशहर और नोखा तथा गुजरात के भुज में विद्यालयों का निर्माण और शैक्षणिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित हैं। इन विद्यालयों की स्थापना के पीछे केवल आधुनिक शिक्षण संस्थान खड़े करने की भावना नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षा संस्कृति विकसित करने का संकल्प है जो ज्ञान के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ विवेक और सफलता के साथ संवेदनशीलता का समन्वय स्थापित कर सके।

तेरापंथ के आचार्यों ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाना है। यदि शिक्षा केवल बुद्धि को विकसित करे और हृदय को उपेक्षित छोड़ दे, तो वह अधूरी शिक्षा है। यदि वह ज्ञान तो दे लेकिन चरित्र न बनाए, तो वह समाज के लिए संकट भी उत्पन्न कर सकती है। आचार्य श्री तुलसी ने इस आवश्यकता को बहुत पहले पहचान लिया था। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नैतिकता को सामाजिक जीवन के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास किया। उनका मानना था कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का वास्तविक विकास नैतिक आधार पर ही संभव है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए नैतिक पाठमाला और नैतिक शिक्षा परीक्षाओं का अभिनव प्रयोग प्रारंभ किया। उस समय यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का अभियान था। लाखों विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, अनुशासन, संयम, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

आचार्य महाप्रज्ञ ने इस विचारधारा को और अधिक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने जीवन विज्ञान के रूप में एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा को शरीर, मन, भावना और चेतना के विकास से जोड़ा गया। जीवन विज्ञान ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल होने की तैयारी नहीं दी, बल्कि तनावमुक्त जीवन, भावनात्मक संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा भी प्रदान की। आज जब दुनिया मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक शिक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, तब यह अनुभव होता है कि जीवन विज्ञान जैसी अवधारणाएं अपने समय से बहुत आगे की सोच थीं। आचार्य महाश्रमण ने इस समूची परंपरा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। उनका व्यक्तित्व ज्ञान, साधना, अनुशासन, अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल मस्तिष्क के विकास तक सीमित नहीं रह सकती। उसे मनुष्य के भीतर छिपी नैतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संभावनाओं को भी जागृत करना होगा। इसी कारण उनके नाम पर स्थापित आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि देने वाले केंद्र बनने की क्षमता रखते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल का मूल मंत्र-"ज्ञान, मूल्य और चरित्र" है जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता को अभिव्यक्त करता है। आज अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान और कौशल पर तो पर्याप्त ध्यान दिया जाता है, लेकिन मूल्य और चरित्र का पक्ष अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई देता है। परिणाम-स्वरूप समाज में बौद्धिक प्रगति तो होती है, परंतु नैतिक और मानवीय संकट भी बढ़ते जाते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस असंतुलन को दूर करने का एक सार्थक एवं प्रभावी प्रयास साबित होगा। यहां शिक्षा का लक्ष्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान को विवेक में और विवेक को चरित्र में रूपांतरित करना है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 भी इसी प्रकार की समग्र शिक्षा की आवश्यकता पर बल देती है। नई शिक्षा नीति में बहुआयामी विकास, जीवन कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और समग्र व्यक्तित्व निर्माण को विशेष महत्व दिया गया है। किंतु किसी भी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे व्यवहार में उतारने वाले संस्थान कितने सक्षम हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति के जीवंत और प्रभावी मॉडल बन सकते हैं। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी के साथ-साथ नैतिकता, आत्मानुशासन, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना को भी समान महत्व दिया जाता है।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष और प्रख्यात उद्योगपति महेंद्र नाहटा के अनुसार इस परियोजना को महासभा की प्रमुख शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया है। इन स्कूलों के उद्देश्य एवं उनकी दूरदृष्टि इस योजना को सामान्य विद्यालय परियोजना से कहीं अधिक व्यापक बनाती है।

ललित गर्ग

## पाकिस्तान पर भी...

कमलेश पांडेय

# अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौते मसौदे के वैश्विक मायने

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे (Framework Agreement) को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। आइए इसके वैश्विक मायने को क्रमशः समझते हैं:-पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहतः होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और LNG व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई।



दूसरा, पश्चिम एशिया में घटेगा युद्ध का खतराः यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी। तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रणः ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा।

चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असरः पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा।

पांचवां, भारत के लिए क्या मायने?: भारत के लिए यह समझौता कई कारणों से सकारात्मक हो सकता हैः- एक,तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैं: चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने बरेली में बढ़ाया महिला सशक्तिकरण

उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना आधी आबादी के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन का एक बेहद मजबूत और जीवंत माध्यम बनकर उभरी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अकेले बरेली जनपद में अब तक कुल 74,153 ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 22,054 ऋण विशेष रूप से महिलाओं को उनके स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा महिलाओं के आवेदनों को सर्वाधिक प्राथमिकता के आधार पर बैंकों को भेजकर त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित कराई गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। बरेली की ये 22 हजार से अधिक आत्मनिर्भर महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, टिफिन सेवा, अचार-मुरब्बा निर्माण और पापड़-बड़ी निर्माण जैसे विभिन्न लघु व्यवसायों को अपनाकर न केवल अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी एक युगांतरकारी बदलाव ला रही हैं।

इस सफलता की कई अनूठी मिसालें बरेली के कोने-कोने में बिखरी हैं, जहाँ सीबीगंज की पिंकी जायसवाल ने पहले चरण में मिले 10 हजार रुपये के ऋण से सिलाई मशीन की मरम्मत कराकर अपना सिलाई का व्यवसाय शुरू किया और फिर समय पर भुगतान कर 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण प्राप्त किया, जिससे वे आज एक अन्य महिला सहायक को रोजगार देने में सक्षम हुई हैं। इसी तरह प्रेमनगर की गुड़िया यादव ने इस वित्तीय सहायता से अपनी टिफिन सेवा की शुरुआत की, जो आज प्रतिदिन लगभग 100 ग्राहकों तक पहुंच रही है, जबकि कालीबाड़ी की रचना गुप्ता ने अचार-मुरब्बे के कारोबार से प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपये की बचत सुनिश्चित की है और हरूनगला की पुष्पा ने पारंपरिक पापड़-बड़ी उद्योग को विस्तार देकर अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

बरेली जनपद का यह अनुकरणीय और प्रेरक मॉडल वास्तव में उस व्यापक बदलाव की एक छोटी सी बानगी है, जो आज पूरे उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर देखने को मिल रही है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के बाद शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना पूरे प्रदेश के रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों और छोटे दुकानदारों के लिए एक सुरक्षा कवच साबित हुई है, जिसने उन्हें साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराकर बिना किसी गारंटी के आसान कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया। उत्तर प्रदेश शासन ने इस योजना को एक बड़े मिशन के रूप में अंगीकार किया और नगर निकायों से लेकर बैंकिंग प्रणाली तक एक बेहद सुदृढ़, पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था तैयार की, जिससे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ बिना किसी बाधा के पहुँच सका। योजना की प्रगतिशील रूपरेखा के तहत पहले चरण में 10 हजार रुपये, दूसरे चरण में 20 हजार रुपये तथा तीसरे चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण क्रमिक रूप से दिया जाता है, जिससे लाभार्थियों ने वित्तीय अनुशासन के साथ न केवल अपना व्यवसाय स्थापित किया अपितु उसे आगे बढ़ने में भी सक्षम हो सके हैं। उत्तर प्रदेश आज इस योजना के प्रभावी और जमीनी क्रियान्वयन के कारण पूरे देश में अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है, जहाँ छोटे कस्बों से लेकर बड़े महानगरों तक के फेरीवाले, सब्जी विक्रेता और खोमचे वाले मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं।

## जरा हटके

## प्रदेश में पं० दीन ...

अमरेश कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी

# रेशम उत्पादन से ग्रामीण महिलाओं किसानों को मिलेगा स्वरोजगार



रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। प्रदेश मं◌े रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनायें विद्यमान है। रेशम कृषि किसानों के आय संवर्धन में विशेष भूमिका निभाने में सक्षम है। किसानों को जागरूक कर रेशम कृषि से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। रेशम उत्पादन के लिए किसान-जन सामान्य में अतिरिक्त आय के श्रोत बनाने के लिए जागरूकता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी सहयोग भी प्रदान किये जा रहे है। प्रदेश सरकार कृषकों की आय में वृद्धि के लिए कृषि विविधीकरण पर विशेष बल दे रही है। उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग तीव्र गति से बढ़ रहा है। गत 10 वर्षों में प्रदेश से रेशम निर्यात के क्षेत्र में 28 गुना की वृद्धि हुई है, जो कि अन्य कृषि सेक्टरों की अपेक्षा सर्वाधिक है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में रेशम उत्पादन के कार्य को रोजगार से जोड़ते हुए प्रदेश के 57 जनपदों में संचालित किया गया है। इसमें महिलाओं और युवाओं को ग्रामीण परिवेश में ही स्वरोजगार के असीम अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश में दर्पण योजना के अन्तर्गत प्रथम बार केन्द्रीय रेशम बोर्ड सहायतित सिल्क समग्र-2 योजना तथा जागरूकता एवं प्रशिक्षण योजना को सम्मिलित किया गया है।

प्रदेश में रेशम वस्त्र उद्योग इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित किये जाने हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-न्तर्गत 09 राजकीय क्षेत्रों (कुशीनगर, बलरामपुर, गोण्डा, लखीमपुर, श्रावस्ती, महराजगंज, बस्ती, औरेया एवं सहारनपुर) तथा सी०डी०पी० योजनानतर्गत 02 राजकीय क्षेत्रों में (पीलीभीत एवं बहराइच) तथा 01 निजी क्षेत्र (गोरखपुर) में इस प्रकार कुल 12 रेशम धागाकरण कार्य हेतु नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना की गयी है। प्रदेश को रेशम उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु रेशम फर्मों पर रेशम से संबंधित क्रिया-कलापों को बढ़ावा दिये जाने हेतु 131 नयी रेशम सहकारी समितियों का गठन किया गया है। प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में रेशम धागे का उत्पादन दोगुना हो गया है। रेशम धागे का उत्पादन 2025-26 में लगभग 480 मीट्रिक टन हो गया है। राजकीय रेशम फार्मों की क्षमता के अनुसार प्रभावी बनाने एवं बेहतर प्रबंधन के लिए फार्म ऑनलाइन मैनेजमेन्ट मॉडयूल तैयार किया गया है।

प्रदेश में पं० दीन दयाल उपाध्याय 'रेशम रत्न सम्मान' कुल 06 श्रेणियों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के अन्तर्गत 18 पुरस्कार यथा ककून उत्पादन (किसानों द्वारा), श्रेणी 1 (ब) ककून उत्पादन में नवाचार (कार्मिकों द्वारा), श्रेणी 1 (स) रेशम से तैयार उत्पाद में नवाचार (व्यापारी/एन०जी०ओ०/ बुनकर/कम्पनी/ट्रस्ट/को-ऑपरेटिव सोसाइटी इत्यादि), श्रेणी २ (अ) सर्वोच्च कोया क्रेता/धागा विक्रय, श्रेणी 2 (ब) सर्वाधिक वस्त्र विक्रेता (रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट), श्रेणी-3 (अ) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित परिधान), श्रेणी ३ (ब) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित अन्य उत्पाद) एवं श्रेणी 4 लाइफ टाइम एचीवमेंट से मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया तथा 05 दिवसीय राज्य स्तरीय सिल्क एक्सपो का आयोजन भी किया गया।

केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेशम मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश में रेशम उद्योग के प्रचार-प्रसार एवं आम जनमानस को शुद्ध रेशमी वस्त्रों की पहचान तथा रेशम उत्पादन से संबंधित क्रिया-कलापों से परिचित कराने के उद्देश्य से रेशम निदेशालय, उ०प्र० में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें ◌ैवपस जव ◌ैपसा के प्रदर्शन एवं शुद्ध रेशमी वस्त्रों/परिधानों की बिक्री हेतु शोरूम भी उपलब्ध कराया जायेगा।

एफ०पी०ओ० के माध्यम से रेशम उत्पादन कार्यक्रम को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से जनपद बहराइच, गोण्डा एवं फतेहपुर के एफ०पी०ओ० के त्रिपक्षीय एग्रीमेन्ट का सम्पादन किया गया है, जिस हेतु केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बंग्लौर द्वारा रू0 371.5625 लाख केन्द्रांश सहायता अवमुक्त की गयी है।

## कविता



मैं लिख पाऊं कुछ तो, मैं
अपनी कहानी लिखूंगी..
जो कभी किसी से ना
कही, वो जुबानी लिखूंगी
वो पल जो छूट गए, वो
लोग जो रूठ गए
लिखूंगी..
वो उम्मीदें टूटी हुई, और ख्वाब जो टूट गए
लिखूंगी..
कुछ हंसी के किस्से, कुछ आंसुओं की
निशानी लिखूंगी..
जो दिल में दबी रह गई, वो हर एक
परेशानी लिखूंगी..
मैं खुद को ढूंढने निकली हूं, ये भी एक
रवानी लिखूंगी..
और अगर मिल गई खुद से,
तो अपनी ही मेहरबानी लिखूंगी

- प्रीती सिंह

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, युवती की मौत

दुर्घटना

## युवक घायल, 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी आवाज, मकान पूरी तरह ढहा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज करीब 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट इतना तेज था कि फैक्ट्री वाला मकान पूरी तरह ढह गया और ईंटें बिखर गईं।

हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर फायर ब्रिगेड, SDRF और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है। पटाखा फैक्ट्री के आसपास कोई दूसरा मकान नहीं था, लेकिन धमाके की आवाज सुनकर गांववाले मौके पर पहुंच गए। घटना नगराम थाना क्षेत्र की है। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) भी मौके पर पहुंचा।



धमाके की आवाज करीब 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद बड़ी संख्या में गांववाले मौके पर पहुंचे।

टीम ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सुरक्षा के लिए पूरे इलाके को निगरानी में रखा गया है। प्रशासन की निगरानी में जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। राहत और बचाव टीम मलबे में किसी अन्य व्यक्ति के दबे होने की आशंका को देखते हुए तलाशी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मलबा हटने के बाद नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा।

### लाइसेंसधारी पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट

पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट ग्राम देवती निवासी मो. शफीक (26) की पटाखा फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्र का लाइसेंस-धारी है और यह गांव के बाहर स्थित है। आसपास आबादी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। हादसे में मारिया (22) और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान मारिया की मौत हो गई। वह फैक्ट्री मालिक की भांजी थी। मोहित की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है। मोहित गांव का रहने वाला है। घटना के समय वह जानवर चरा रहा था और फैक्ट्री के पास पानी पीने आया था। शुरुआती जांच में किसी अन्य के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया।

### सूचना मिलते ही पहुंची फायर ब्रिगेड

गोसाईगंज फायर स्टेशन के एफएसओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 11:18 बजे पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की सूचना मिली। आग की गंभीरता को देखते हुए पीजीआई फायर स्टेशन से दो अतिरिक्त फायर टेंडर और हजरत-गंज से एक एमडीआरवी (मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल) समेत कई वाहन मौके पर भेजे गए।



हादसे में मोहित गंभीर रूप से झुलस गया है।

### धमाके की आवाज सुनकर जुटी भीड़

आसपास के लोगों के मुताबिक, हादसा करीब सुबह 11:30 बजे हुआ। विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज करीब डेढ़ से दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह हादसा शाम के समय होता, जब लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। जनहानि कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# चौकी प्रभारी की शह पर लूटता था गिरोह

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाने वाले गिरोह का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गिरोह के सदस्य खुद को एसटीएफ अधिकारी बताकर नकदी लेकर पहुंचे लोगों को डराते-धमकाते थे और पूरी रकम लूट लेते थे।

मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। चौकी इंचार्ज मोहित की शह पर गिरोह चल रहा था। पुलिस अब गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वहीं मामले में नामजद और संदिग्ध पुलिसकर्मियों की संपत्तियों की भी जांच शुरू कर दी गई है। गिरोह के सभी सदस्यों की भूमिकाएं पहले से तय थीं।



### एसटीएफ अफसर बनकर करते घटना, पुलिसकर्मियों की संपत्ति की भी होगी जांच

सबसे पहले ऐसे लोगों की पहचान की जाती थी, जिनके पास बड़ी मात्रा में नकदी हो और जो निवेश के जरिए अपनी रकम बढ़ाना चाहते हों। इसके बाद उन्हें क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाया जाता था। भरोसा जीतने के लिए दो से तीन बार बैठकें की जाती थीं और फिर पीड़ित को बड़ी रकम लेकर बुलाया जाता था।

फास्ट न्यूज

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा

मोहनलालगंज । लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। रायबरेली से लखनऊ जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में घुस गई। बस ने सामने से आ रही बाइक और एक कार को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे। घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।

### डिप्टी सीएम के कमरे के एसी में लगी आग

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधान-भवन के प्रथम तल पर सोमवार को एयर कंडीशनर (एसी) की यूनिट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कक्ष में लगे एसी की यूनिट में लगी।

धुआं उठता देख विधानभवन के कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मियों को भी बुलाया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण एसी यूनिट में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### लखनऊ में 42 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी

दुबग्गा। लखनऊ में 42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव नीम के पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पूरा मामला काकोरी थाना क्षेत्र के बहरू गांव का है। मृतक की पहचान बहरू गांव निवासी संतू (42) पुत्र मगली के रूप में हुई है। ग्रामीण बताते हैं कि संतू गांव में अकेले रहते थे।

# जनगणना ड्यूटी से गायब 435 कर्मचारियों पर एफआईआर होगी

## नगर निगम ने कार्रवाई की तैयारी शुरू की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में जनगणना-2027 के काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम सख्त हो गया है। ड्यूटी से गायब रहने वाले 435 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संबंधित थानों में तहरीर भेज दी गई है। कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षण और जरूरी सामग्री उपलब्ध करा दी गई थी। पूरे मामले की लिस्ट लखनऊ डीएम को भी भेजी गई है। नगर निगम के आठों जोनों में जनगणना कार्य के लिए अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायत विभाग और सीएमओ कार्यालय समेत कई विभागों के कर्मचारी शामिल थे। आरोप है कि कई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण काम में लापरवाही बरती।



नगर निगम के अनुसार, जोन-1 में 69 कर्मचारियों की सूची थाना हजरतगंज भेजी गई है। जोन-7 में 62 कर्मचारी नियुक्ति सामग्री और स्टेशनरी लेने तक नहीं पहुंचे। कई कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद मिले, जबकि कुछ के नंबर गलत पाए गए। इनके खिलाफ थाना गाजीपुर में तहरीर भेजी गई है। इसी प्रकार जोन-3 के 244 कर्मचारियों के खिलाफ थाना अलीगंज, जोन-6 के 165 कर्मचारियों के खिलाफ थाना ठाकुरगंज और जोन-8 के 75 कर्मचारियों के खिलाफ थाना आशियाना में सूची भेजी गई है।

### लखनऊ में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ । लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, वाल्मीकि मोहल्ला निवासी अंजली वाल्मीकि (22) की शादी करीब एक माह पहले लवकुश नगर, सेक्टर-22, गाजीपुर निवासी दिव्यांशु (अंशु) वाल्मीकि के साथ हुई थी। शादी के बाद अंजली मायके आई हुई थी। मृतका के भाई विशाल ने बताया कि रविवार शाम अंजली की फोन पर अपने पति से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह घर के ऊपरी हिस्से में बने टीनशेड के कमरे में चली गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजन उसे देखने पहुंचे। वहां अंजली दुपट्टे के सहारे एंगल से बंधे फंदे से लटकी मिली। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस ने हाथ से छीना पेट्रोल से भरी बोतल, आरोप- चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा

# अपील : विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचीं मां-बेटी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। हददोई की रहने वाली मां-बेटी सोमवार को लखनऊ में विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचीं। लेकिन पुलिस ने दोनों के हाथों से पेट्रोल से भरी बोतल छीन ली। हैं। पुलिस दोनों को हजर-तगंज थाने ले गई। पूछताछ में बताया कि वह संडीला क्षेत्र की निवासी हैं।

बेटी का कहना है कि चाचा ने घर में चोरी किया। बाद में पर मारपीट भी की। लेकिन संडीला पुलिस एफआईआर नहीं दर्ज कर रही है। वह पिछले एक महीने से संडीला थाने के चक्कर लगा रही हैं। इसलिए हमें न्याय के लिए लखनऊ आना पड़ा है। पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया है।



लखनऊ पहुंचने वाली मिथिलेश कुमारी, पत्नी स्वर्गीय देवदार, निवासी ग्राम ककरहिया मजरा भण्डोली, थाना संडीला, जनपद हरदोई की रहने वाली है।

महिला का कहना है कि गांव के मकान में हुई चोरी और संपत्ति विवाद के मामले में स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है। खुद को असुरक्षित महसूस करने और न्याय नहीं मिलने से परेशान होकर वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए लखनऊ आई थीं।

**बताया जा रहा है कि पीड़ित पक्ष का कहना है कि स्थानीय पुलिस से कई बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। इससे परेशान होकर परिवार ने विधानसभा के सामने आत्मदाह जैसा कदम उठाने का प्रयास किया।**

सोशल मीडिया पर सामने आए एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके घर में चोरी हुई थी, विरोध करने पर मारपीट की गई और जहर देने तक की कोशिश की गई। उन्होंने स्थानीय पुलिस पर प्रभावशाली लोगों के दबाव में उचित कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है। पत्र में मुख्यमंत्री, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### पुलिस ने कहा- सभी आरोपों की होगी जांच

हजरतगंज पुलिस के अनुसार दोनों महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उनके आरोपों और दावों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है तथा हरदोई पुलिस से संपर्क कर मामले के तथ्यों का सत्यापन कराया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दोनों महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और क्षेत्र में कानून-व्य-वस्था सामान्य है। मामले में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## डबल इंजन सरकार में गरीब के लिए एक छत नहीं, चहेतों के लिए डबल आवास : वंशराज दुबे

# पीएम आवास योजना में घोटाला गरीबों के हक़ पर डाका डाला

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश के 427 लाभार्थियों द्वारा अलग-अलग निवास और पहचान दिखाकर दो-दो आवास हासिल करने के खुलासे पर आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना में गड़बड़ी नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों की खुली लूट है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में सामने आया यह मामला साबित करता है कि प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित हैं जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में प्रदेश के 427 ऐसे लोगों की पहचान हुई है जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दोनों का लाभ उठाकर दो-दो आवास हासिल कर लिए। ललितपुर में 50, बांदा में 26, सीतापुर और प्रतापगढ़ में 21-21 मामलों का सामने आना बताता है कि यह कोई इक्का-दुक्का गलती नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है। वंशराज दुबे ने कहा कि आज उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विभागीय अधिकारी रिकवरी और कार्रवाई की बातें कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह फर्जीवाड़ा हो रहा था, जब अलग-अलग पते और पहचान दिखाकर आवेदन स्वीकृत किए जा रहे थे, तब सरकार की डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था, सत्यापन तंत्र और जांच एजेंसियां आखिर क्या कर रही थीं। बिना विभागीय अधिकारियों, स्थानीय प्रभावशाली लोगों और राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा खेल संभव ही नहीं है।




427 लोगों को दो-दो पीएम आवास मिलना तकनीकी गड़बड़ी नहीं, भ्रष्टाचार के संगठित सिंडिकेट का सबूत: वंशराज दुबे

> आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचने के बजाय फर्जीवाड़े और साठगांठ का शिकार हो गया।

### 427 लोग दो-दो बार आवास का लाभ उठा ले रहे

वंशराज दुबे ने कहा, यह बेहद शर्मनाक है कि जहां प्रदेश का गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवार एक अदद पक्के मकान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक जा रहा है, वहीं दूसरी ओर साठगांठ करके 427 लोग दो-दो बार आवास का लाभ उठा ले रहे हैं। यह सिर्फ तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि उन हजारों गरीब परिवारों के हक पर सीधा डाका है जो आज भी खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच ने यह साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में सुशासन के नाम पर केवल प्रचार किया जा रहा है जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का डबल इंजन पूरी रफ्तार से दौड़ रहा है। यदि सरकार वास्तव में पारदर्शिता और जवाबदेही में विश्वास करती है तो उसे केवल कागजी कार्रवाई और रिकवरी तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में शूटरों की व्यवस्था कराने वाला गिरफ्तार

## 1 लाख का इनामी था, एसटीएफ ने आलमबाग से दबोचा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या के मामले में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने सोमवार तड़के आलमबाग बस स्टेशन के पास से हत्या की साजिश में शामिल एक लाख रुपए के इनामी आरोपी गंगाराम यादव को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, 27 मई 2026 को पीजीआई इलाके में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना पीजीआई में मुकदमा दर्ज कर एसटीएफ की विभिन्न टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया था। इससे पहले 31 मई को एसटीएफ मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शूटरों समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी।

एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित और एक लाख रुपए का इनामी आरोपी गंगाराम यादव आलमबाग बस अड्डे के पास मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।



पूछताछ में गंगाराम यादव ने बताया कि उसने दिनेश कुमार यादव और उसके चालक मुकर्रबीन उर्फ मुबीन के कहने पर हत्या के लिए शूटरों की व्यवस्था कराई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी हत्या की साजिश में अहम भूमिका निभाने वालों में शामिल है।

## आरोप : सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत तैयारी करने का आह्वान किया


# 2027 का चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई, भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई होगा। उन्होंने दावा किया कि यदि लोकतंत्र को बचाने के लिए अभी प्रयास नहीं किए गए तो यह प्रदेश का अंतिम स्वतंत्र चुनाव भी साबित हो सकता है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी ताकत से चुनावी तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बूथ प्रबंधन और मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार हमेशा शिष्ट होना चाहिए। किसानों और युवाओं के मुद्दे उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को खाद-बीज और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जबकि डीजल की बढ़ती कीमतों से खेती की लागत बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि हत्या, लूट तथा महिला अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में एक्सप्रेस-वे, आईटी सिटी, स्टेडियम और सड़कों के निर्माण के जरिए विकास का रास्ता दिखाया था, जबकि भाजपा सरकार विकास के मोर्चे पर अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी।





> सपा प्रमुख ने भाजपा पर साम्प्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के हितों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है, जिससे भाजपा घबराई हुई है और उसके खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

### अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और 2027 में भाजपा का सत्ता से बाहर होना तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की नीतियों और कथित नाकामियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है तथा प्रदेश में भूमाफियाओं को संरक्षण मिल रहा है।

# लखनऊ-कानपुर रोड पर युवक ने वाहनों पर बरसाए ईंट-पत्थर

## बाइक सवार घायल, कई गाड़ियों के शीशे टूटे, आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक युवक ने कानपुर रोड पर जमकर उत्पात मचाया। उसने राहगीरों और वाहनों पर ईंट-पत्थर बरसाए, जिससे एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई वाहनों के शीशे टूट गए। आरोपी युवक घायल की बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक के साथ कार में मौजूद तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इस मामले में घायल बाइक सवार की पत्नी ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि हमलावर ने पास खड़े एक डंपर के शीशे भी तोड़ दिए। इसके बाद वह राममोहन की चाबी लगी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के साथ मौजूद असम प्रांत के गुवाहाटी निवासी अरमान, सरोज कुमार और जौनपुर के सैदनपुर निवासी कार चालक अशोक कुमार से पूछताछ की।



### युवक ने तड़के मचाया उत्पात

सरोजनीनगर की रामविहान कॉलोनी, दरोगाखेड़ा निवासी महिला कल्पना के अनुसार, उनके पति राममोहन सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे बंथरा के शिवपुरा स्थित एक कंपनी से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे।

जब वे बंथरा के हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी स्विफ्ट डिजायर कार से उतरे युवक विद्युत वैश्य ने उन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में राममोहन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

# साधु का हत्यारोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर

## उन्नाव में लाउडस्पीकर से भजन बजाने पर की थी हत्या, 1 लाख का इनामी था

**घेराबंदी**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में साधु राममिलन दास उर्फ बाबा मिलन दास सिंह (45) हत्याकांड का मुख्य आरोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर हो गया। SP जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इसराइल ने 9 जून को 4 साथियों के साथ मिलकर बाबा मिलन की हत्या की थी।

साधु के भाई ने दावा किया था कि राममिलन शिव मंदिर में लाउडस्पीकर लगाकर भजन बजाते थे, जिससे आरोपी नाराज थे। इसी कारण विवाद हुआ और आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से इसराइल फरार था।

सोमवार तड़के 3:40 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी की घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में 36 साल का इसराइल मारा गया। मुठभेड़ ताजपुर इलाके में हुई। 2 दिन पहले इसराइल पर SP ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। कल यानी रविवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने घटना पर कहा था कि अगर आरोपी सरेंडर नहीं करेगा तो एनकाउंटर होगा ही।

SP जयप्रकाश ने बताया कि तड़के 3:40 बजे सूचना मिली कि एक लाख का इनामी इसराइल उर्फ इजराइल ताजपुर अंडरपास के पास है। वह किसी साथी का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की।




> पुलिस ने आरोपी को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उसने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एसओजी सिपाही विकास भदौरिया घायल हो गया। दरोगा न्यूटन कुमार सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। वह बाल-बाल बच गए।

### बाबा के भाई बोले- हत्या के पीछे साजिश थी, ताकि मंदिर न बन पाए

इसरायल के एनकाउंटर के बाद साधु के भाई राजेंद्र सिंह ने कहा- बाकी आरोपियों के खिलाफ भी इसी तरह का एक्शन होना चाहिए। बाबा की हत्या साजिश के तहत की गई। क्योंकि, वह मंदिर निर्माण करा रहे थे। वहां भजन-कीर्तन करते थे। हत्या इसलिए की गई कि मंदिर की गतिविधियां बंद हो जाएं।

मंदिर निर्माण के दौरान ही बाबा को धमकियां दी जा रहीं थीं। हालांकि, बाबा ने परिवार को इस बारे में नहीं बताया था, ताकि परिवार में डर का माहौल न बने। उनकी हत्या के बाद ये बात सामने आई है। वहीं, बाबा के दूसरे भाई वीरेंद्र सिंह ने कहा- पुलिस ने एनकाउंर करके अच्छा काम किया। जो अपराधी अभी बचे हैं, उनका भी एनकाउंटर किया जाना चाहिए। इस हत्याकांड के पीछे जो मास्टरमाइंड हैं उनको भी सामने लाना चाहिए।



बदमाश के एनकाउंटर के बाद मंदिर के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई है।

### बदमाश के घर पर ताला लगा

इसराइल मूल रूप से बांगरमऊ कोतवाली के गांव ततियापुर का रहने वाला था। वह 20 सालों से बांगरमऊ के मोहल्ला पुरबिया टोला में रहता था और मजदूरी करता था। उसके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पत्नी का नाम सईदा है। घर पर ताला लगा है। इसराइल के 8 भाई थे, जिनमें से 2 भाइयों की पहले मौत हो चुकी है। इसराइल पांचवें नंबर का था। भाई पप्पू की 7 महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

## इस्कॉन मंदिर के बाहर कूलर में करंट से युवक की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता




वृंदावन। वृंदावन में दर्शन करने आए छतरपुर निवासी 21 वर्षीय युवक अभिज्ञान गुप्ता की करंट लगने से मौत हो गई। युवक अपने पिता अमित कुमार गुप्ता के साथ इस्कॉन मंदिर वृंदावन में दर्शन करने आया था। सूत्रों के मुताबिक मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर जूता घर के समीप लगे एक कुलर में करंट आने से वह उसकी चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मंदिर प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। वहीं इस्कॉन वृंदावन के प्रवक्ता रवि लोचन दास ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हादसा मंदिर परिसर के मुख्य द्वार के बाहर नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगाए गए कुलर में करंट आने से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है, लेकिन इसमें इस्कॉन वृंदावन की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

दूसरी ओर, मामले को लेकर नगर निगम की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। जानकारी के अनुसार वृंदावन जोन के प्रभारी अपर नगर आयुक्त से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। नगर निगम के मीडिया प्रभारी एवं सहायक आयुक्त ने कहा कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

इस दुखद हादसे के बाद सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए विद्युत उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### अयोध्या में शादी तय होने के बाद रेप

अयोध्या। अयोध्या में शादी का वादा कर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में विवाह से इनकार करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता पक्ष का आरोप है कि आरोपी ने न केवल शादी से इनकार किया, बल्कि दूसरी जगह तय हो रहा रिश्ता भी तुड़वा दिया। मामला इनायतनगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां की शिकायत पर बाबा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कप्तान चौरसिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ

मथुरा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को योगिराज श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में दिव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बलदेव विधायक पूरन प्रकाश तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी सहित अनेक गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सरयू को अर्पित की गई 1100 मीटर लंबी चुनरी

अयोध्या। अयोध्या में अधिक मास के अवसर पर रविवार को श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का संगम देखने को मिला। विश्व शांति, मानव कल्याण और समस्त सृष्टि के मंगल की कामना के साथ आयोजित 25 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ का समापन मां सरयू के तट पर धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक आयोजनों के बीच संपन्न हुआ।

## जिला अस्पताल परिसर में गंदगी के बीच बैठे दिखे श्रद्धालु, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिला अस्पताल मथुरा परिसर में रविवार को एक श्रद्धालु गंदगी के बीच बैठा दिखाई दिया, जिसका दृश्य देखकर अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और तीमारदारों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रद्धालु काफी देर तक परिसर में गंदगी के निकट बैठा रहा। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और बैठने की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से जिला अस्पताल प्रशासन से परिसर की नियमित सफाई, बेहतर रखरखाव तथा मरीजों, तीमारदारों और श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

अस्पताल परिसर का यह दृश्य स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक दावों की पोल खोलता नजर आया, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

## निष्प्रयोज्य सोलर लाइट पैनल बने खतरे का कारण

मथुरा। कस्बा बलदेव के नीवरी रोड मोहल्ले में बीच बस्ती में लगे वर्षों पुराने निष्प्रयोज्य सोलर लाइट पैनल स्थानीय लोगों के लिए खतरे का सबब बन गए हैं। जर्जर हो चुके इन पैनलों के ढांचे से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय निवासी सीताराम पांडेय, अजय अग्रवाल एवं सोनू अग्रवाल ने बताया कि कई वर्षों से बंद पड़े सोलर पैनल अब धीरे-धीरे टूटकर गिर रहे हैं। हाल ही में एक पैनल नीचे खड़े वाहन पर गिर गया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त होने से बाल-बाल बच गया। घटना के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

बंटू पांडेय एवं बलराम पांडेय के अनुसार इस सोलर लाइट में पहले आठ-नौ पैनल लगे थे। आंधी और तेज हवाओं के कारण अब तक तीन पैनल टूटकर नीचे गिर चुके हैं। तीनों बार बड़ा हादसा होते-होते टल गया।


## संभल के युवक की दोस्त ने हत्या की, आरोपी रोते हुए बोला- गलती हो गई

# चाकू से गला काटा सड़क पर तड़पता रहा युवक

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल । संभल के युवक की मोहाली में उसके दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार दोपहर करीब 1 बजे की है। इसका एक CCTV वीडियो सामने आया है, जिसमें सकड़ किनारे आरोपी चाकू मारते हुए दिख रहा है। घायल युवक कुछ दूर तक चलता है, फिर सड़क पर गिर पड़ता है।

वह कुछ देर तक तड़पता है, फिर उसकी मौत हो जाती है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान आरोपी ने रोते हुए कहा कि गलती से चाकू लग गया। पुलिस अफसरों ने बताया,मरने वाले की पहचान 17 साल के सन्नी के रूप में हुई है, जो बडाली गांव का रहने वाला था। सन्नी जीएस ग्रोसरी स्टोर नामक करियाने की दुकान पर काम करता था। सन्नी का परिवार मूल रूप से यूपी में संभल जिले का रहने वाला है और 18-19 साल से इस इलाके में रह रहा है। सन्नी के पिता शीशपाल के अनुसार, पहले कभी दोनों के बीच किसी तरह का झगड़ा या रंजिश नहीं थी।



### सड़क किनारे खड़े थे, अचानक धक्का-मुक्की

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सकड़ किनारे सन्नी और आरोपी पहले एक साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। अचानक उनके बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान सन्नी जमीन पर गिर गया और उसकी गर्दन से खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोग तुरंत उसकी मदद के लिए दौड़े और आरोपी युवक को भी वहीं पकड़ लिया। लोगों का कहना है कि चाकू लगने के बाद सन्नी गंभीर रूप से घायल हो गया था। वह खून से लथपथ हालत में सड़क पर दर्द से कराह रहा था। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत खरड़ सिविल अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क किनारे खड़े थे, अचानक धक्का-मुक्की

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा- पकड़े जाने पर आरोपी युवक ने चाकू फेंक दिया और बिलख-बिलख कर रोने लगा। वह बार-बार कह रहा था कि सन्नी उसका दोस्त था, दोनों साथ काम कर चुके हैं और उससे गलती से चाकू लग गया। वह यह भी कह रहा था कि इस घटना से उसका परिवार बर्बाद हो जाएगा। हालांकि झगड़े की असली वजह अभी तक सामने नहीं आ सकी है। इसके बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# यूपी के 36,000 मनरेगा कर्मी आंदोलित

## नियमितीकरण और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में लगभग 36,000 संविदा ग्राम रोजगार सेवकों (पूर्ववर्ती पंचायत मित्र) ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रायबरेली में ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन की जनपद इकाई ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर दीक्षित ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो 1 जुलाई 2026 को लखनऊ में विधानसभा का घेराव और व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, मनरेगा योजना के तहत ग्राम रोजगार सेवक वर्ष 2006 से, यानी लगभग 20 वर्षों से, प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निरंतर सेवाएं दे रहे हैं।




### 10 हजार मानदेय में गुजर-बसर मुश्किल

प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों को केवल 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जबकि कई राज्यों में समान कार्य करने वाले कर्मचारियों को बेहतर वेतन और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। संगठन का आरोप है कि प्रदेश के कई जिलों में रोजगार सेवकों का 12 से 14 महीने का मानदेय लंबित है। आर्थिक तंगी के कारण परिवार चलाना, बच्चों की पढ़ाई और इलाज कराना भी मुश्किल हो गया है। रोजगार सेवकों के मानदेय से ईपीएफ की राशि काटी जा रही है, लेकिन वह उनके यूएएन खाते में जमा नहीं हो रही। साथ ही उन्हें बोनस, हेल्थ इंश्योरेंस और अन्य कर्मचारी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा।

### संगठन की प्रमुख मांगें

- न्यूनतम 24 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय तय किया जाए।
- रोजगार सेवकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।
- 12 से 14 महीने का बकाया मानदेय तुरंत जारी किया जाए।
- नियमित मानदेय भुगतान के लिए अलग बजट की व्यवस्था हो।
- विभागीय कर्मी घोषित कर अन्य सरकारी कार्यों में भी जिम्मेदारी दी जाए।
- 20 दिन का आकस्मिक और 12 दिन का चिकित्सा अवकाश दिया जाए।
- न्याय पंचायत स्तर पर स्थानांतरण की व्यवस्था लागू हो।
- सेवा के दौरान मृत्यु होने पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिले।
- कार्य की निगरानी के लिए एंड्रॉयड मोबाइल और डेटा रिचार्ज की सुविधा दी जाए।

# उपज की बैठक में पत्रकार सुरक्षा और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

## उपज बैठक में पत्रकार एकता एवं सदस्यता अभियान को मिली गति

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की मासिक बैठक रविवार को श्री वेंकटेश्वर वर्ल्ड स्कूल, साकेत मेरठ में वरिष्ठ पत्रकार जयवीर त्यागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य एजेंडा हस्तिनापुर क्षेत्र में पत्रकार कुलदीप भारद्वाज के साथ हुई घटना तथा खनन माफियाओं द्वारा पत्रकारों पर बनाए जा रहे दबाव एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने के विषय पर केंद्रित रहा। इस मुद्दे पर उपस्थित पत्रकारों ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए संगठनात्मक स्तर पर प्रभावी रणनीति बनाने पर सहमति जताई।



बैठक में उपज पत्रकार संगठन के सदस्यता अभियान को और अधिक गति देने, संगठन की गतिविधियों में पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जिलेभर में पत्रकारों को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सरधना क्षेत्र में पत्रकारों को संगठित कर संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार कर्दम ने आगामी दिनों में किठौर क्षेत्र में पत्रकार साथियों के लिए ₹मैंगो पार्टी₹ कार्यक्रम आयोजित किए जाने की घोषणा की। वहीं मवाना थाना क्षेत्र से आए पत्रकार संचित अरोड़ा ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को बैठक के समक्ष रखा।

इस अवसर पर उपज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मेरठ जिलाध्यक्ष अजय चौधरी ने सभी सदस्यों के सुझावों और विचारों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें संगठनात्मक रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती पत्रकारों की एकता एवं सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। संगठन के महामंत्री ललित ठाकुर ने सभी पत्रकार साथियों से एकजुट रहकर पत्रकार हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### अब 'कुबेर' भी ...

आपने मुझ पर विश्वास किया, धीरेंद्र सिंह ने सहयोग किया। यीडा और उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग ने कार्रवाई को युद्धस्तर पर बढ़ाया, तो परिणाम यह रहा कि 13 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण पर कार्य शुरू हुआ। चार फेज में एयरपोर्ट बनेगा, पहले फेज की कार्रवाई संपन्न हुई।

योगी ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब 'कुबेर' भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो और एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अन्न, फल, मत्स्य, सब्जी आदि पैदा करने वाला उत्तर प्रदेश का किसान यहां कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। स्थानीय बाजार में उसे दाम भले कम मिले, लेकिन दुनिया के बाजार में कई गुना दाम मिलेगा। आम का दाम यहां अधिकतम 50 रुपये पहुंचेगा, लेकिन दुनिया के बाजार में 800 से 1000 रुपये किलो बिकता है। 200 रुपये प्रति किलो कार्गो खर्च जोड़ लें, तब भी किसान को 600 रुपये का लाभ मिलेगा। जिस किसान को यहां 10 रुपये प्रति किलो का लाभ नहीं मिल पा रहा, उसे 600 रुपये का लाभ मिलेगा तो वह समृद्ध बनेगा।

### किसान बोले- सालों ...

यह अनुभव शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। प्रदेश में विकास की नई धारा बह रही है, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

### आरटीआई एक्टिविज्म ...

इससे पहले, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई को दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

RTI (सूचना का अधिकार) कानून का उपयोग करके सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने को 'RTI एक्टिविज्म' कहा जाता है। इसके तहत सामाजिक कार्यकर्ता या आम नागरिक जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकारी विभागों से महत्वपूर्ण जानकारियां मांगते हैं। हालांकि, हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा इसका गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को डराने या ब्लैकमेल करने के मामले भी सामने आए हैं।

दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी RTI के जरिए भ्रष्टाचार उजागर कर पहचान बनाई थी। इसके लिए उन्हें 2006 में रेमन मैगसेसे पुरस्कार भी मिल चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने 5 मई को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

### मैसूर के रेस्टो-पब में ...

घटना के समय पब में 25 से ज्यादा लोग थे। दिल्ली में मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में 3 जून को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में 10 भारतीय और 11 विदेशी नागरिक थे। इनमें 9 अफ्रीकी और 2 तुर्कमेनिस्तान के हैं। 10 भारतीयों मृतकों में से 8 रिश्तेदार थे। इनमें 3 राजस्थान के और 5 हरियाणा के रहने वाले थे। हादसे में कुल 35 लोग घायल हुए। दिल्ली पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में लेकर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

### 2027 का चुनाव ...

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और 2027 में भाजपा का सत्ता से बाहर होना तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की नीतियों और कथित नाकामियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है तथा प्रदेश में भूमाफियाओं को संरक्षण मिल रहा है।

किसानों और युवाओं के मुद्दे उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को खाद-बीज और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जबकि डीजल की बढ़ती कीमतों से खेती की लागत बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं।

### भारतीय लॉन्ग रेंज ...

इसके सब-सिस्टम DRDO की लैब और भारतीय साझेदारों ने डेवलप किए हैं। बेंगलुरु में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (ADE) इस प्रोजेक्ट की नोडल लैब है।

मान लीजिए यदि कोई मिसाइल भारत की सीमा से लॉन्च होकर दुश्मन के इलाके में 800 किमी दूर बने एयरबेस को सटीक निशाना बनाती है, तो इसे डीप स्ट्राइक क्षमता कहा जाएगा।

### 'गेंद अखिलेश के...

बराबरी का रुतबा दिया जाए। हम पूरी ताकत के साथ विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी मेहनत कर रहे हैं। मुस्लिम वोटों के सपा के साथ होने के सवाल पर ओवैसी नाराज हो गए, कहा- कोई किसी के साथ नहीं है। AIMIM पार्टी मजबूती के साथ उभरी है। जो लोग इस तरह की बकवास कर रहे हैं, उन्हें अंदाजा हो जाएगा।

सीनियर जर्नलिस्ट राजेंद्र कुमार कहते हैं- यूपी में 2022 में भी 95 सीटों पर AIMIM चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में उसे 4 लाख 50 हजार 900 वोट मिले थे। सभी सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। ओवैसी भले ही एक भी सीट नहीं जीत सके हों, लेकिन कई सीटों पर सपा प्रत्याशी की हार का अंतर AIMIM को मिले वोटों से कम था। यानी मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं हुआ होता तो कई सीटें ऐसी थीं, जहां सपा को जीत हासिल हो सकती थी। ओवैसी गठबंधन में बराबरी के रुतबे की बात कर रहे हैं, यानी सीधे तौर पर वे 200 सीटों की दावेदारी ठोंक रहे हैं, जो किसी हाल में नहीं मिलने वाली। वैसी ब्लैकमेलिंग की राजनीति कर रहे हैं। वे कुछ सीटों पर नुकसान जरूर कर सकते हैं। चाहे बिहार हो या बंगाल, वहां मुस्लिम वोटों का बिखराव करना चाहते हैं। अब यूपी में भी वही करना चाहते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने छोटे दलों के साथ गठबंधन का चारा फेंका था, लेकिन कामयाब नहीं हुए थे।

### बिहार और पश्चिम...

सपा और अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का समर्थन किया था, लेकिन वहां भी कई नेता लाइन लगाकर बीजेपी में चले गए। बिहार में हमारे विधायकों को तोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन इसके बावजूद हम दोबारा जीतकर आए।

### टीएमसी में टूट से संसद...

यह अजीब कदम लोकसभा में NDA के लिए दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की उनकी रणनीति का हिस्सा है।'

दरअसल, बजट सत्र के दौरान सरकार परिसीमन बिल के लिए संविधान संशोधन बिलों को लोकसभा में पास नहीं करा पाई थी। भाजपा की इन कोशिशों को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

लोकसभा में NDA के पास फिलहाल 294 सांसद हैं। TMC के 20 बागी सांसदों ने NCPI में विलय कर लिया है। उन्होंने NDA को समर्थन देने की बात कही है। इससे NDA सांसदों की संख्या 314 तक पहुंच जाएगी।

फिलहाल लोकसभा की 543 में से 3 सीटें खाली हैं। ऐसे में सदन की प्रभावी संख्या 540 है और दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। ऐसे में NDA को दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा हासिल करने के लिए और 46 सांसदों की जरूरत होगी।

राज्यसभा में NDA के पास 148 सांसद हैं। 18 जून को झारखंड और मिजोरम की राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। इन चुनावों और कुछ निर्दलीय सदस्यों के समर्थन से NDA की संख्या 151 तक पहुंच सकती है।

TMC के 3 राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे से पश्चिम बंगाल में 3 सीटें खाली होंगी। मौजूदा राजनीतिक हालात में इन सीटों पर NDA समर्थित उम्मीदवारों की जीत की संभावना है।

## दीप्ति दुनिया की टॉप विकेट टेकर बनीं, हरमनप्रीत वर्ल्ड कप में भारत की नंबर-1 बैटर

# भारतीय खिलाड़ियों ने 11वीं बार पाकिस्तानियों से हाथ नहीं मिलाया

**खेल**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया। दीप्ति शर्मा ने सिर्फ 10 रन केर 5 विकेट लिए। अब वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अब टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। इससे पहले हरमन ने टॉस के समय पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान की पारी के 15वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने बेहतरीन कैच पकड़ा। श्री चरणी ने ओवर की चौथी गेंद ऑफ-स्टंप से बाहर फ्लाइटेड डिलीवरी डाली। पाकिस्तानी बैटर रमीन शमीम ठीक से ड्राइव शॉट नहीं लगा पाईं। गेंद बैकवर्ड पॉइंट की तरफ तेजी से गई, जहां श्रेयंका ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाकर दोनों हाथों से जबरदस्त कैच पकड़ा।



भारतीय कप्तान हरमन ने पाक कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया।

दीप्ति टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने थाईलैंड की थिपाचा पुत्थावोंग पीछे छोड़ा। थिपाचा के नाम 165 विकेट दर्ज हैं। दीप्ति के अब 166 टी-20 इंटरनेशनल में विकेट हो गए हैं।

दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 10 रन देकर 5 विकेट लिए। यह विमेंस T20 वर्ल्ड कप में किसी भी भारतीय गेंदबाज का बेस्ट स्पेल है। दूसरे स्थान पर रेणुका सिंह ठाकुर हैं। उन्होंने 2023 में गकेबेर्हा में इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर 5 विकेट झटके थे।

विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट भारत की झूलन गोस्वामी के नाम है। उन्होंने 355 विकेट चटकाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा

> पाकिस्तान के खिलाफ पुरुष-महिला, जूनियर और सीनियर मिलाकर लगातार 11वें क्रिकेट मैच में भारत ने नो हैंडशेक का स्टैंड बरकरार रखा। पहलगाम आतंकी हमले और दोनों देशों के बीच तनाव के बाद भारतीय टीमों ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का फैसला किया था।

### शेफाली ने मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाया

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। शेफाली ने पाकिस्तान की गेंदबाज सादिया इकबाल की फुल लेंथ बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर भेज दिया। हालांकि, वे इसी ओवर में स्लिप को कैच भी दे बैठीं। उन्होंने महज 6 रन बनाए।



### आलिया से स्मृति मंधाना का कैच छूटा

भारत की पारी के 8वें ओवर में ओपनर स्मृति मंधाना को जीवनदान मिला। 27 रन पर उनका कैच ड्रॉप हो गया। तस्मिया रुबाब ने पांचवी गेंद फुलर लेंथ पर डाली। मंधाना ने पीछे हटकर शॉट खेला, लेकिन बॉल मिसटाइम होकर हवा में चली गई। मिड ऑफ पर मौजूद आलिया ने पीछे दौड़ते हुए कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को एक विकेट से हराया

## तीसरे वनडे में कोनोली ने 149 रन बनाए

ढाका, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के टीम ने सीरीज में क्लीन स्वीप से बचाव कर लिया। इससे पहले दोनों वनडे बांग्लादेश ने जीते थे।

ढाका में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 274 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 49.3 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो कूपर कॉनॉली रहे। उन्होंने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 149 रन की शानदार पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 48 रन देकर 6 विकेट लिए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत तेज रही। जोश इंग्लिस ने 12 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन शोरिफुल इस्लाम ने एक ही ओवर में इंग्लिस और मैट रेनशॉ को आउट कर मैच में बांग्लादेश की वापसी करा दी।

इसके बाद एलेक्स कैरी भी 71 रन के स्कोर पर आउट हो गए। एक छोर पर विकेट गिरते रहे, लेकिन कोनोली टिके रहे। उन्होंने पहले मार्नस लाबुशेन (29) के साथ 64 रन और फिर कैमरन ग्रीन (27) के साथ 58 रन की साझेदारी की।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर सीरीज जीती

## जोसेफ ने 5 विकेट लिए, होल्डर ने 5 गेंदों पर 21 रन बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने तीसरे और निर्णायक टी-20 मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। सबीना पार्क, किंग्स्टन में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 169 रन बनाए।

जवाब में वेस्टइंडीज ने शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 54 रन की पारी की बदौलत 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम ने 2 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। श्रीलंका की ओर से दुनिथ वेल्लालागे ने 43 रन और कामिल मिशारा ने 28 रन बनाए। वहीं, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



तीन मैचों की सीरीज पहले दो मुकाबलों के बाद 1-1 से बराबरी पर थी। पहले टी-20 में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी, जबकि दूसरे मैच में श्रीलंका ने 37 रन से जीत हासिल कर सीरीज बराबर कर ली थी। तीसरे मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान कुसल मेंडिस सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने दूसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। निसांका ने 17 गेंदों पर 26 रन बनाए, जबकि मिशारा 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए।

पवन रत्नायके खाता भी नहीं खोल सके और शमर जोसेफ का शिकार बने। कामिंदु मेंडिस ने 20 रन और दासुन शनाका ने 16 रन का योगदान दिया।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप में जर्मनी की बड़ी जीत

## डेब्यू मैच खेल रही कुरासाओ को 7-1 से हराया, काई हैवट्र्ज ने डबल गोल किए

ह्यूस्टन, एजेंसी

चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपने अभियान का धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने रविवार रात को कुरासाओ 7-1 से हरा दिया।

ग्रुप-ई के इस मुकाबले के छठे मिनट में जर्मनी ने गोल स्कोर किया। फिर पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही कुरासाओ ने गोल भी किया। यह उसका टूर्नामेंट के इतिहास में पहला गोल है। जर्मनी ने दूसरे हाफ में छह गोल दागकर मुकाबला एकतरफा कर दिया।

ह्यूस्टन स्टेडियम में जर्मनी के काई हैवट्र्ज ने डबल गोल किए, जबकि टीम के 6 अन्य खिलाड़ियों ने भी गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। जर्मनी अब अपने अगले मुकाबले में आइवरी कोस्ट से खेलेगी, जबकि कुरासाओ की टीम इक्वाडोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। कुरासाओ वर्ल्ड कप खेलने वाला अब तक का सबसे छोटा देश बना है। टीम ने अपना पहला गोल भी दागा। 21वें मिनट में लिवानो कोमेनेंसिया ने यह गोल दागा।



### जर्मनी ने दूसरे हाफ में 4 गोल दागे

दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही जमाल मुसियाला ने गोल कर बढ़त 4-1 कर दी। इसके बाद 68वें मिनट में नाथानियल ब्राउन और 78वें मिनट में डेनिज उंडाव ने गोल किए। 88वें मिनट में हैवट्र्ज ने अपना दूसरा और टीम का 7वां गोल दागकर जीत का अंतर 7-1 कर दिया।

### हैवट्र्ज ने हाफ टाइम से पहले गोल दागा

जर्मनी ने जल्द ही मैच पर फिर नियंत्रण हासिल कर लिया। 38वें मिनट में निको श्लोटरबेक ने कॉर्नर पर हेडर लगाकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

पहले हाफ के इंजरी टाइम में फेलिक्स नेमेचा को बॉक्स में गिराए जाने पर जर्मनी को पेनल्टी मिली। काई हैवट्र्ज ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया।



### जर्मनी ने छठे मैच में बढ़त बनाई

जर्मनी ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। छठे मिनट में फ्लोरियन विट्र्ज के पास पर फेलिक्स नेमेचा ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर 21वें मिनट में कुरासाओ ने मुकाबले में वापसी करते हुए अपना पहला वर्ल्ड कप गोल दागा। लिवानो कोमेनेंसिया ने बॉक्स के बीच से शानदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया।

**मनोरंजन**

## ब्राजील में दो हेलिकॉप्टर टकराए, यूट्यूबर गैस्पी की भी जान गई

# हेलिकॉप्टर क्रैश में सिंगर ओलिवर ट्री की हुई मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

सिंगर-सॉन्गराइटर ओलिवर ट्री की ब्राजील में एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। वह 32 साल के थे। इस हादसे में कुल छह लोगों की जान चली गई।

मृतकों में ओलिवर ट्री, अर्जेंटीना के यूट्यूबर गैस्पर प्रिम (गैस्पी), लुकास विग्नेल, लुकास ब्रिटो चावेस और पायलट एलेक्जेंड्रे सूजा व चार्ल्स मार्सिलैक शामिल थे।

हादसे के समय ओलिवर ट्री इंटरनेशनल टूर पर थे। उन्होंने 6 जून को साओ पाउलो में परफॉर्म किया था और 1 जुलाई को लिस्बन में परफॉर्म करने वाले थे। उनके स्पेन, ऑस्ट्रिया, यूनाइटेड स्टेट्स और चीन में भी शो थे।



न्यूज एजेंसी ANI की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा रविवार को रियो डी जेनेरियो में हुआ, जब दो हेलिकॉप्टर हवा में टकरा गए। टक्कर के बाद दोनों एयरक्राफ्ट क्रैश हो गए और मौके पर आग लग गई। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और हादसे का कारण पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एक हेलिकॉप्टर में सवार पांच लोगों और दूसरे हेलिकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। किसी के बचने की खबर नहीं है।

> ओलिवर ट्री अपने अल्टरनेटिव, पॉप और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक के मिक्स के लिए जाने जाते थे। उन्हें 'लाइफ गोज ऑन' और 'मिस यू' जैसे गानों से दुनिया भर में पहचान मिली।

### हादसे की जांच में जुटी पुलिस

रियो डी जेनेरियो स्टेट सिविल पुलिस ने कन्फर्म किया है कि मामले की जांच चल रही है। पुलिस के मुताबिक, फोरेंसिक टीमों ने मौके का मुआयना किया है और सेंटर फॉर द इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन ऑफ एरोनॉटिकल एक्सीडेंट्स की रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं। मृतकों की पहचान के लिए फोरेंसिक टेस्ट भी किए जाएंगे।

### उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति ने की दूसरी शादी

नई दिल्ली। उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति मोहसिन अख्तर ने दूसरी शादी कर ली है। रविवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने निधा भट्ट से शादी की है।

शादी की झलकियां शेयर करते हुए मोहसिन ने एक इमोशनल पोस्ट लिखी। उन्होंने कहा कि सच्चे इरादों, ईमानदार प्यार और धैर्य के साथ उन्हें जीवन में फिर से प्रेम मिला है। उन्होंने अपनी पत्नी निधा भट्ट का आभार जताते हुए लिखा कि उन्होंने उनके जीवन में रोशनी लाई है।

मोहसिन ने अपनी पोस्ट में दिवंगत प्रियजनों को भी याद किया और कहा कि उनकी दुआओं और आशीर्वाद की वजह से उन्हें जीवन में यह नया साथ मिला है। उन्होंने दोनों के लिए दुआ करने की अपील भी की। मोहसिन अख्तर की पहली शादी एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर से हुई थी। दोनों ने 4 फरवरी 2016 को एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की थी।

## पूर्व जज रघु राम ने वायरल वीडियो को फेक बताया, बोले- मैं उनसे कभी नहीं मिला

# रोडीज में अभिजीत दीपके को नहीं दी गई गाली

नई दिल्ली, एजेंसी

टीवी शो रोडीज के पूर्व जज रघु राम ने वायरल हो रहे एक पुराने ऑडिशन वीडियो पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि वीडियो में जिस युवक को रघु राम डांटते और अपशब्द कहते दिखाई दे रहे हैं, वह कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके हैं।

रघु राम ने एक वीडियो जारी कर इन दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा, "मुझे बताया जा रहा है कि रोडीज का मेरा एक पुराना इंटरव्यू ट्रेंड कर रहा है, जिसमें मैं एक लड़के पर भड़क रहा हूं, उसे धक्का दे रहा हूं। लोग कह रहे हैं कि वह कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके का इंटरव्यू है। यह फेक है। मैं उनसे कभी मिला ही नहीं हूं।"



रघु राम ने आगे कहा कि इस तरह की गलत जानकारी फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने उन लोगों की भी आलोचना की, जो इस दावे को आगे बढ़ा रहे हैं। CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं।

### सीजेपी के प्रदर्शन में प्रकाश राज शामिल हुए

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने रविवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान एक्टर प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनके हाथ में एक फूल था। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने NEET पेपर लीक और CBSE की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया।

## बॉडी फंदे से लटकी मिली, सुसाइड का दावा, मौत से कुछ घंटों पहले रील पोस्ट की

# 'कुमकुम भाग्य' एक्ट्रेस संचिता उगले का निधन



मुंबई। टीवी इंडस्ट्री से दिल तोड़ने वाली खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीवी एक्ट्रेस और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फेम संचिता उगले ने आत्महत्या कर ली है। वह सिर्फ 30 साल की थीं। संचिता टेलीविजन और फिल्में, दोनों में अपने-अपने किरदारों के लिए जानी जाती थी। उन्होंने हिट डेली सोप 'कुमकुम भाग्य' और टेलर कौशल स्टार फिल्म 'छावा' के साथ-साथ मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में भी काम किया।

संचिता उगले के बारे में बताया जा रहा है कि उन्होंने कल रात आत्महत्या की। खबरों की मानें तो रविवार की रात 7:30 बजे संचिता उगले ने अपनी जान ले ली। संचिता उगले अपने घर पर मृत पाई गईं। वह मुंबई के वसई क्षेत्र में रहती थीं। संचिता की मौत को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और लगातार मामले की छानबीन कर रही है। संचिता उगले ने बीती रात ही इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बेहद खुश दिख रही थीं।

संचिता केवल 30 साल की थीं और टीवी के अलावा उन्होंने फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं, जैसे 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएगे' में सुकून का किरदार और विक्की कौशल स्टारर 'छावा' में ताराबाई का किरदार। उन्होंने 'वागले की दुनिया' शो में भी काम किया। संचिता का आखिरी पोस्ट एक रील थी, जिसमें वह एक गाने की तेज धुन पर झूमती हुई खुश और उत्साहित नजर आ रही थीं। साल 2025 के बीच में, संचिता तब चर्चा में आईं जब उन्होंने ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर मिशा अग्रवाल की आत्महत्या पर सार्वजनिक रूप से अपना दुख जाहिर किया। कहा जाता है कि मिशा ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स कम होने के बाद अपने करियर के फेल होने के डर से अपनी जान दे दी थी। संचिता ने इस घटना को दिल दहला देने वाला बताया और वर्चुअल अप्रूवल की बढ़ती दीवानगी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'यह देखकर मेरा दिल टूट जाता है कि युवा लोग अपनी जिंदगी के बारे में कितनी आसानी से सोच लेते हैं।'

### साड़ी से लगाई फांसी, छोटी बहन काम से गई बाहर

संचिता की मौत को लेकर खबर है कि उन्होंने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वो अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ अपने घर में रहती थीं। उस वक्त घर में केवल बहन थी, वो भी शाम को थोड़ी देर के लिए किसी काम से बाहर गई, तभी मौका देखकर संचिता ने फांसी लगा ली। हालांकि, कारणों की जांच पुलिस अभी कर रही है।




> उनकी दुखद मौत की खबर से टीवी इंडस्ट्री सदमे और शोक में है, हालांकि मौत की वजह अभी पता नहीं चली है। संचिता उगाले कई लोकप्रिय टीवी सीरियल्स में यादगार किरदार निभाकर मशहूर हुई थीं। 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' जैसे पॉपुलर सीरियल्स में उनके किरदारों को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



## अधिकारियों ने 2 घंटे पूछताछ की थी, कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, कई मुद्दों पर पूछताछ की

# दावा : बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के सलाहकार दिल्ली एयरपोर्ट से लौटे

**रोक**



डॉ. जाहेद का नाम भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की एक निगरानी सूची (वॉचलिस्ट) में था, जिसके कारण एयरपोर्ट उनकी जांच की गई।

**जानकारी के मुताबिक डॉ. जाहेद राजनयिक पासपोर्ट पर नहीं बल्कि सामान्य बांग्लादेशी पासपोर्ट और सार्क वीजा पर यात्रा कर रहे थे। उनके पास इस यात्रा के लिए कोई सरकारी अनुरोध पत्र भी नहीं था।**

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें करीब दो घंटे तक वेटिंग रूम में बैठाए रखा और कई मुद्दों पर पूछताछ की।

इसके बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस मांगा और भारत में आने से इनकार कर दिया। बाद में वह कोलंबो के रास्ते सोमवार सुबह ढाका पहुंचे। वह इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (IORA) की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए थे।

बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह ने भी भारतीय अधिकारियों से इस यात्रा को लेकर बात की थी। इसी वजह से ढाका में कई वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम को रहस्यमय बता रहे हैं। उनका कहना है कि पहले से आधिकारिक जानकारी देने के बावजूद एयरपोर्ट पर ऐसी स्थिति कैसे बनी, यह समझ से बाहर है। दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के अधिकारियों ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मिशन के सभी विभागों को इस घटना की जानकारी नहीं थी। वहीं कई सूत्रों ने यह भी कहा कि भारतीय अधिकारियों ने डॉ. जाहेद के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया। उनका मानना है कि यात्रा से जुड़ी समन्वय और संचार की कमी इस स्थिति की एक वजह हो सकती है। हालांकि अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।ढाका में सरकारी सूत्रों का कहना है कि पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है और तथ्य सामने आने के बाद आगे का फैसला किया जाएगा। फिलहाल नई दिल्ली की ओर से आधिकारिक सफाई का इंतजार है।

### दावा- जाहेद का नाम सुरक्षा एजेंसियों की वॉचलिस्ट में था

डॉ. जाहेद के करीबी लोगों का दावा है कि उनका नाम भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की एक निगरानी सूची (वॉचलिस्ट) में था, जिसके कारण उनकी अतिरिक्त जांच की गई। उनका आरोप है कि भारत विरोधी सामग्री बनाने या प्रसारित करने के आरोपों की वजह से उनका नाम इस सूची में डाला गया था। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन दावों की न पुष्टि की है और न ही खंडन किया है।



### उच्चायुक्त ने यात्रा की जानकारी पहले ही दी थी

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने भारत के विदेश मंत्रालय को आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया था कि डॉ. जाहेद IORA बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

# ईरान को 300 अरब डॉलर देगा अमेरिका

तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस पर आधिकारिक मुहर भी लग जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर कितने बेताब थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह ईरान को 300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण पैकेज देने के लिए तैयार हो गए।

इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से पहले ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी मेहर ने अमेरिका-ईरान के बीच 14 सूत्रीय सहमति पत्र का मसौदा पब्लिश किया है। समझौता ज्ञापन के मसौदे में कई मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने, ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और ईरान के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज का प्रावधान शामिल है।

बता दें कि इस दस्तावेज को वॉशिंगटन या तेहरान ने आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और ईरानी अधिकारियों द्वारा घोषित शुरुआती समझौते के बाद यह एक व्यापक शांति प्रक्रिया का आधार बनेगा। इस मेमोरैंडम पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाने हैं।

**महीनों की बातचीत के बाद समझौते को दिया गया अंतिम रूप**

सामने आई जानकारी से पता चलता है कि यह समझौता दुश्मनी खत्म करने और बातचीत के दूसरे दौर के लिए माहौल बनाने पर केंद्रित है। इस दूसरे दौर में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों और आर्थिक सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

**फास्ट न्यूज**

### चांदी 8,429 बढ़कर 2.51 लाख पर पहुंची

नई दिल्ली। सोना-चांदी के दाम में 15 जून को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 8,429 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.43 लाख रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,369 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### इजरायल को लेकर बदले ट्रंप के सुर

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच ऐतिहासिक शांति समझौते के एलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया है। ट्रंप ने दावा किया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमला करके इस शांति समझौते को लगभग पटरी से उतार दिया था, जिसकी वजह से वाशिंगटन और तेहरान के बीच यह समझौता होने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि इजरायल को इस शांति समझौते के लिए अमेरिका का बहुत शुक्रगुजार होना चाहिए, क्योंकि इस डील ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोक दिया है।

### नून-रोटी परोसा, अलग अंदाज में सुनाया वंदे मातरम

ब्रातिस्लावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यूरोपीय यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा पहुंचे, जहां उनका बेहद शानदार और पारंपरिक स्वागत किया गया। स्लोवाकिया का दौरा करने वाले नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। उनके स्वागत में स्लोवाकिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक संगीत और डांस परफॉर्मेंस का एक रंगारंग नजारा पेश किया गया।

# पाकिस्तान में ट्रेनिंग के दौरान एयरफोर्स का फाइटर जेट क्रैश

इस्लामाबाद, एजेंसी



- नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दो पायलट शहीद।
- वायु सेना मुख्यालय ने उच्च स्तरीय जांच बोर्ड बनाया।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बड़ा सैन्य हादसा हो गया। जहां पाकिस्तानी वायु सेना (PAF) का एक प्रशिक्षण विमान नियमित उड़ान के दौरान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई। यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मरदान जिले में कटलंग रोड के पास जाबर नहर इलाके में हुआ। जहां विमान सड़क पर गिरते ही आग का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया।

इस हादसे में विमान में सवार दोनों पायलट लेफ्टिनेंट मुहम्मद कासिम अब्दुल्ला और नौसेना के लेफ्टिनेंट ताहा अब्बासी की मौत हो गई। वायु सेना मुख्यालय ने हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच बोर्ड का गठन किया गया है।

सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के मुताबिक, यह विमान नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था। इस दुखद घटना पर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर सहित रक्षा बलों के प्रमुखों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉन खबर की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुर्घटना पांच दिन पहले हुई एक अन्य दुर्घटना के बाद हुई है। पाकिस्तान सेना विमानन का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुधवार को मुजफ्फरबाद के पास उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## अब तक का सबसे महंगा शो, ₹567 करोड़ खर्च, जीत के बाद विजेता राष्ट्रपति से मिला

# ट्रम्प ने जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में कराई यूएफसी फाइट

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी



**गेथजे को लाइट-वेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके कई सीनियर अफसर, खास मेहमान और हजारों सैन्यकर्मी मौजूद थे।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी UFC मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। UFC ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा UFC आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया।

पहले मुकाबले में बो निकल ने पहले ही राउंड में काइल डाउकस को नॉकआउट कर दिया। उन्होंने एक जोरदार लेफ्ट हुक और राइट पंच से प्रतिद्वंद्वी को गिराया, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जीत के तुरंत बाद बो निकल रिंग से बाहर आए और सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास पहुंचे। दोनों ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (UFC) आज दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (MMA) लीग है। इसकी शुरुआत 1993 में अमेरिका में हुई थी। उस दौर में बॉक्सिंग, कराटे, कुश्ती और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी अलग-अलग फाइटिंग शैलियों के समर्थक अपनी-अपनी तकनीक को सबसे प्रभावी बताते थे। इस पर काफी बहस होती थी कि असली मुकाबले में कौन-सा मार्शल आर्ट सबसे ज्यादा कारगर साबित होगा।



### ट्रम्प ने कहा- यह धरती का सबसे बड़ा शो

राष्ट्रपति ट्रम्प और कई अधिकारियों ने आयोजन की तारीफ की। ट्रम्प ने इसे 'धरती का सबसे बड़ा शो' बताया और 'क्लॉ' की तुलना पेरिस के एफिल टॉवर से की। वहीं विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने UFC को अमेरिका की सॉफ्ट डिप्लोमैटिक पावर बताया। इस इवेंट में कुल 14 फाइटर ने हिस्सा लिया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस आयोजन का सबसे बड़ा फायदा UFC ब्रांड को मिल सकता है। एक समय ऐसा था, जब इस खेल को प्रायोजकों और कई आयोजकों ने स्वीकार नहीं किया था। एक अमेरिकी सीनेटर ने इसे कभी 'मानव मुर्गा लड़ाई' तक कहा था।

# थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा

## मई में 9.68% पहुंची, फ्यूल महंगा हुआ, अनाज और तेल की कीमतें भी बढ़ीं





फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 24.89% से बढ़कर 30.33% हो गई है।

**प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।**

नई दिल्ली, एजेंसी

मई में थोक महंगाई (WPI) बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26% पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 जून को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है। इसके अलावा अनाज और तेल भी महंगा हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से तनाव है। स्थितियां सामान्य नहीं हुईं तो महंगाई और बढ़ सकती है।

मई में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.93% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.48% थी। पिछले 5 महीनों में यह पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के टारगेट 4% के बेहद करीब पहुंच गई है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

# अमेरिका-ईरान समझौते पर भड़का इजरायल

## नेतन्याहू के मंत्री ने कहा- हम ट्रंप के गुलाम नहीं

तेल अवीव, एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक शांति समझौते पर इजरायल की तरफ से पहली आधिकारिक और तीखी प्रतिक्रिया आई है। इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने सोमवार को साफ लफ्जों में एलान किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुई यह डील इजरायल पर बिल्कुल भी लागू नहीं होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल अपने सुरक्षा फैसले खुद लेने के लिए पूरी तरह आजाद है।

बता दें कि इजरायली मंत्री का यह बयान तब आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और युद्ध में एक अस्थायी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने पर शुरुआती सहमति बनी है। इस समझौते पर शुक्रवार, 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक रूप से दस्तखत होने की उम्मीद है।

शांति समझौते के एलान के बाद इस्राइली मंत्री ग्विर ने दो टूक अंदाज में कहा कि इजरायल अपने सुरक्षा हितों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों के भरोसे नहीं छोड़ सकता। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा कि ट्रंप का समझौता हमें नहीं बांध सकता।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इजरायल संयुक्त राज्य अमेरिका के अधीन नहीं है, हम एक स्वतंत्र और संप्रभु देश हैं।

**एलान :** प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर जोर दिया

# ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर लगेगा बैन

लंदन, एजेंसी



**गौरततलब है कि ब्रिटिश सरकार की योजना के मुताबिक, इस कानून को क्रिसमस से पहले संसद से पास कराने की तैयारी है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो अगले साल की शुरुआत में यह ऐतिहासिक बैन पूरी तरह से लागू हो जाएगा।**

बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाने का एलान किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाएगी। इसके साथ ही गेमिंग और लाइवस्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री स्टार्मर ने अभी उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के नामों का खुलासा नहीं किया है जिन पर यह बैन लगेगा, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि यह नियम अगले साल की शुरुआत में लागू हो जाएगा। टेक कंपनियों के संभावित विरोध पर प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह हमारे समय की सबसे बड़ी बहसों में से एक है कि बच्चों को ऑनलाइन कैसे सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि मैं अपने देश के बच्चों की सुरक्षा और उनकी खुशियों के साथ कोई समझौता करने को तैयार नहीं हूं। यह फैसला इस बारे में है कि हम किसके साथ खड़े हैं। देश भर के परिवारों के साथ, या फिर उस मौजूदा व्यवस्था के साथ जो काम नहीं कर रही है।

### 'बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं'

इस बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। उन्होंने माना कि इस नियम को लागू करना आसान नहीं होगा, लेकिन बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ सरकारों को यह जिम्मेदारी उठानी ही होगी।

### ऑस्ट्रेलिया की राह पर ब्रिटेन

बता दें कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने वाला ब्रिटेन अकेला देश नहीं है। दुनिया भर में यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे देश पहले ही उम्र के आधार पर ऐसे प्रतिबंध लगा चुके हैं या इसके प्रस्ताव ला चुके हैं। वहीं फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह के नियमों पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में पीएम स्टार्मर ने ब्रिटेन के इस कदम को दुनिया में सबसे आगे रहने वाला उपाय बताया और संकेत दिया कि यह ऑस्ट्रेलिया के कानून (जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर बैन है) से भी ज्यादा सख्त हो सकता है।

# रूस का यूक्रेन पर फिर बड़ा हमला कीव के मठ में लगी आग

कीव, एजेंसी



पिछले तीन वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर भयानक रूप ले लिया है। सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई जगहों पर रूस ने भीषण हवाई हमला किया। इस एयरस्ट्राइक में 5 बचावकर्मियों सहित कुल 9 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा किए गए इस हमले में नेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर सूची में शामिल कीव का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक प्रतीक 'पेचेर्स्क लावर मोंटेसरी' (मठ) सीधे हमले की चपेट में आ गया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। राजधानी कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में जानकारी दी कि साल 1051 में स्थापित और यूनेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर सूची में शामिल 'कीव पेचेर्स्क लावरा' मठ सीधे हमले की चपेट में आने से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेनी प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीदेंको ने 'X' पर लिखा, यह हमारे लोगों और हमारी ऐतिहासिक विरासत पर एक क्रूर हमला है। यही रूस के ऑर्थोडॉक्स मूल्यों का असली चेहरा है। मठ से उठती भीषण और ऊंची लपटों को देखकर स्थानीय निवासियों ने जमीन के नीचे बने बंकरों में शरण ली। जून की शुरुआत के बाद से यूक्रेन पर रूस का यह अब तक का सबसे भयानक हवाई हमला माना जा रहा है। इससे पहले जून के शुरुआती हफ्ते में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों में 20 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96